www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –9 । अंक–137 । सागर, बुधवार 3 जुलाई 2024 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

डकैती डालने के पहले गिरोह के 5 आरोपी हथियारों सहित गिरफ्तार, 1 फरार — पृष्ठ 3

▸ अपनी रणनीति में सफल हुए राहुल
▸ स्पीकर चुनाव: मत विभाजन न कराकर क्या विपक्ष ने एक बड़ा अवसर खोया? — पृष्ठ 4

▸ यह कैसा न्याय नपा का, पानी देते दस, पैसा पूरे महीने का — पृष्ठ 6

मनमाने निर्णय से पिस रही जनता, जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### लालू व राबड़ी को पटना हाइकोर्ट से राहत

**पटना, देशबन्धु।** आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को मंगलवार को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की बेंच ने आज लालू और राबड़ी के खिलाफ दर्ज केस को आज खारिज कर दिया। जस्टिस संदीप कुमार की बेंच ने मंगलवार को केस को खारिज करने का आदेश दिया है। मामला 14 साल पुराना यानि 2010 का है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी पर पटना के एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज किया गया था। इस केस का ट्रायल भी निचली अदालत में शुरू हो गया था। लालू-राबड़ी ने पहले निचली अदालत में मुकदमे को रद्द करने की अर्जी लगाई थी। वहां से अर्जी खारिज हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। लालू-राबड़ी की ओर से हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि पुलिस ने अपने केस में जो धाराएं लगाई हैं, वे गलत हैं। लालू प्रसाद और राबड़ी देवी ने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाए। लालू-राबड़ी के वकीलों ने हाईकोर्ट में यह भी दलील दी कि पटना के सीजेएम ने इस केस का संज्ञान लेने में देरी की जो कानून के मुताबिक सही नहीं है। ऐसे में केस को खारिज किया जाए। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वकील इस मामले में कोई ठोस दलील नहीं दे पाए। लिहाजा हाईकोर्ट की बेंच ने लालू-राबड़ी के खिलाफ दर्ज इस मामले को खारिज करने का आदेश दिया है।

### 51 हजार श्रद्धालुओं ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन

**जम्मू, एजेंसी।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 51,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को 6,537 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिले के साथ कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 6,537 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7,000 से अधिक 'सेवादार' यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।

### वादाखिलाफी से नाराज किसान आज से करेंगे प्रदर्शन

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर कई महीनों तक किसान संगठनों ने प्रदर्शन किया था। शासन से मिले आश्वासन और लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह प्रदर्शन खत्म कर दिया गया था। लेकिन अब एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण की वादाखिलाफी के विरोध में किसान संगठनों ने धरना प्रदर्शन करने का फैसला किया है। पहला प्रदर्शन 3 जुलाई को भारतीय किसान परिषद द्वारा किया जाएगा।

### अनंतनाग में आग से 11 घर व सात दुकानें जलकर खाक

**श्रीनगर, एजेंसी।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के मेहमान मोहल्ला में सोमवार रात को लगी भीषण आग में 11 घर और सात दुकानें जलकर खाक हो गईं। अग्निशमन एवं आपातकालीन अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात मेहमान मोहल्ला के भीड़भाड़ वाले रिहायशी सह व्यावसायिक इलाके में एक घर में आग लग गई, जिसमें 11 रिहायशी घर सह गोदाम और सात दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग बुझाने के लिए अनंतनाग, मट्टन, बिजबेहरा, अचबल, सीर हमदान और शांगस इलाकों के अग्निशमन मुख्यालयों से करीब 12 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### दानवे विधान परिषद से 5 दिन के लिए निलंबित

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता एवं शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) सदस्य अंबादास दानवे को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्य प्रसाद लाड के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए मंगलवार को सदन से पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। लाड ने सोमवार को दानवे पर उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था और उपसभापति से उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके बाद सदन में भारी हंगामा हुआ और दानवे और लाड के बीच तीखी बहस हुई। इसके बाद, सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विरोध किया और विपक्ष के नेता के इस्तीफे की मांग की। भाजपा सदस्य एवं कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने दानवे को पांच दिन के लिए निलंबित करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया।

## सत्संग में मची भगदड़ से हुआ हादसा

# हाथरस में मौत का तांडव





- सवा सौ से ज्यादा मौतें
- उच्च स्तरीय जांच समिति गठित
- सत्संग खत्म होने के बाद मची भगदड़
- अस्पतालों के बाहर लाशों के ढेर, घायलों की भीड़

### हेल्पलाइन नंबर जारी

जिला प्रशासन ने हाथरस में हुई दुर्घटना के बाद आम लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। प्रशासन की ओर जारी हेल्पलाइन नंबर 05722227041 और 05722227042 पर लोग फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सोनिया, खड़गे, शाह, राहुल, भजनलाल और मोहन यादव सहित अनेक नेताओं ने जताया शोक

***हाथरस, दिल्ली, देशबन्धु।*** *उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में आयोजित एक सत्संग में मंगलवार (2 जुलाई) को भगदड़ मच गई जिसमें कम से कम सवा सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई। भोलेबाबा प्रवचन के कार्यक्रम में अचानक से भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में घायल लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों का अनुमान है कि- मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। हादसे की खबर लगते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में अपने संबोधन के बीच मृतकों को श्रृद्धांजलि दी और घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों और घायलों के परिजनों को सहायता की घोषणा की। इस हादसे को लेकर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां मंत्रियों की अगुआई में घटनास्थल पर राहत बचाव का कार्य शुरू करवाया वहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, गृहमंत्री अमित शाह, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल सहित अनेक मंत्रियों जनप्रतिनिधियों और पार्टी प्रतिनिधियों ने गहरा शोक जताया।*

प्रवचन में शामिल होने आए सैकड़ों भक्त भीषण गर्मी से बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन मौके पर पहुंच गए। सैकड़ों भक्तों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीएम मोदी ने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारजनों को 2-2 लाख रुपए देने का ऐलान किया। जबकि हाथरस की घटना में शामिल लोगों को 50,000 रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

### कई राज्यों के श्रद्धालु जुटे थे सत्संग में

सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के फुलराई गांव में भोलेबाबा के सत्संग के दौरान यह भगदड़ मच गई जिसमें लोगों की मौत हो गई तथा अनेक अन्य घायल हो गए हैं। घटना का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से शुरू कराए। हाथरस डीएम आशीष कुमार ने मंगलवार शाम को बताया कि- जिला प्रशासन काम कर रहा है। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है और लोगों का इलाज जारी है... डॉक्टरों ने मुझे करीब 100-125 लोगों की मौत का आंकड़ा बताया है. कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति डीएम ने दी थी और यह एक निजी आयोजन था। मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। प्रशासन की प्राथमिकता घायलों और मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद मुहैया कराना है। रिपोर्ट ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### सत्संग में जुटी थी सवा लाख से ज्यादा भीड़

*हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में मंगलवार को हुए हादसे ने हर किसी को झकझोर दिया है। हालांकि इसके बारे में अफसरों को पहले ही चेताया गया था। इसके बाद भी कोई एक्शन न लिया गया और इतना बड़ा हादसा हो गया। सत्संग में जरूरत से ज्यादा पहुंची भीड़ को देखकर एलआईयू ने अफसरों को सौंपी रिपोर्ट में किसी बड़ी घटना होने का अंदेशा जता दिया था, लेकिन इसके बाद भी अफसर मौन साधे बैठे रहे और श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई, जिसमें 125 से ज्यादा श्रद्धालुओं की जान चली गई। हादसे के बाद अफसर चेते और मौके लिए रवाना हो गए। वहीं सीएम योगी ने भी घटना को संज्ञान में लेते हुए अफसरों से रिपोर्ट तलब कर ली है।* ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### हवलदार की नौकरी छोड़ बाबा बना था सूरज पाल



हाथरस में जिस कथावाचक साकार विश्व हरि भोले बाबा का सत्संग हो रहा था, हादसे के बाद से वह फरार है। इस बाबा का असल नाम सूरज पाल है और उसने करीब 17 साल पहले पुलिस हवलदार की नौकरी छोड़कर पटियाली में अपना आश्रम बनाया और सत्संग शुरू कर दिया। ग़रीब तबके के बीच भोले बाबा की प्रसिद्धि तेजी से बढ़ी और लाखों की संख्या में उनके अनुयायी बन गये। पुलिस की ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर कटाक्ष

## हिंदुओं पर झूठा आरोप लगाने की कोशिशें हो रहीं हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर लोकसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वे राष्ट्रपति के भाषण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सदन में उपस्थित हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा 'जो पहली बार सांसद बनकर हमारे बीच आए हैं और उनमें से कुछ साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उनका व्यवहार ऐसा था, जैसे एक अनुभवी सांसद का होता है। उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है।' पीएम मोदी ने कहा कि देश ने सफल चुनाव आयोजित कर दुनिया को दिखा दिया है कि ये सबसे बड़ा चुनाव था। प्रधानमंत्री ने कहा 'मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं क्योंकि लगातार झूठ का प्रसार करने के बाद भी उनकी पराजय हुई।' प्रधानमंत्री ने आगे कहा 'देश की जनता ने तीसरी बार हमें सेवा करने का अवसर दिया है। देश की जनता की भारतीय जनता पार्टी के 10 वर्ष के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा। पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता ने देखा है कि हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत सर्वप्रथम है। उन्होंने कहा 'हमारा एक ही लक्ष्य रहा है कि 'भारत प्रथम'। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है।

### भाषण के अंश हटाए जाने पर राहुल ने हैरानी जताई

## संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया



### लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने भाषण से हटाई गई टिप्पणियों और अंशों को लेकर स्पीकर ओम बिरला को खत लिखा है। उन्होंने भाषण के अंश हटाए जाने पर हैरानी जताई है। राहुल गांधी ने लोकसभा स्पीकर से अनुरोध करते हुए उनके हटाए गए भाषण के अंशों को फिर से बहाल करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण में कई अनर्गल बातें कहीं और उनमें से सिर्फ एक शब्द को कार्रवाई से हटाया गया। राहुल गांधी ने लिखा, 'मैं यह पत्र 1 जुलाई 2024 को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मेरे भाषण से निकाली गई टिप्पणियों और अंशों के संदर्भ में लिख रहा हूं। यह देखकर हैरान हूं कि जिस तरह से मेरे भाषण के काफी हिस्से को निष्कासन की आड़ में कार्यवाही से हटा दिया गया है, मेरी सुविचारित टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटा देना, संसदीय ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन

## नर्सिंग घोटाले पर हुई चर्चा, विपक्ष ने मांगा सारंग का इस्तीफा, किया बहिर्गमन



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में आज कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर आज भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी तकरार देखने को मिली। इस मुद्दे पर ध्यानाकर्षण के जरिए हुई 5 घंटे से अधिक की चर्चा के दौरान सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने आसंदी के समक्ष नारेबाजी की। इस मामले में तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के इस्तीफे और सर्वदलीय समिति से इस पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग न माने जाने पर कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन भी किया।


विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने सोमवार को भी यह मामला सदन में उठाते हुए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की थी। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली थी। सत्तापक्ष ने जहां इस इस मुद्दे पर ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### कमलनाथ के इस्तीफे के दिन 354 कॉलेजों को मान्यता दी गई



मंत्री विश्वास सारंग ने भी सदन में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि बार-बार मेरा नाम लिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि मैं कोई माफिया हूं। उन्होंने साफ किया कि नर्सिंग काउंसलिंग स्वायत्त संस्था है। इसमें मंत्री का कोई हस्तक्षेप नहीं होता। श्री सारंग ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का तीखा प्रतिवाद करते हुए कहा कि कमलनाथ सरकार के समय 20 मार्च को जब मुख्यमंत्री कमलनाथ का इस्तीफा होता है, उस दिन तत्कालीन मंत्री ने 354 से ज्यादा कॉलेजों को मान्यता दी गई। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जब अपनी सरकार बचाने में लगे थे, तब मंत्री कॉलेजों के मान्यता दे रही थी। कांग्रेस ने 100 कॉलेज दो महीनों में ही खोल दिए थे। हमने 415 कॉलेज का सत्यापन करवाया, जिसमें 150 कॉलेज हमने बंद किए।

### मंत्री के संरक्षण में हुआ घोटाला



सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने अपात्र कॉलेजों को मान्यता देने के लिए नियम तक बदले। मंत्री के संरक्षण में ही इतना बड़ा घोटाला हुआ है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को गलत बताया तो सिंघार ने कहा कि आरोप लगत साबित हुए तो नेता प्रतिपक्ष का पद छोड़ दूंगा। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने भी सत्तापक्ष और विपक्ष की कमेटी बनाए जाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने सारंग के इस्तीफे के साथ ही सर्वदलीय जांच समिति गठित करने की मांग की, लेकिन सरकार ने विपक्ष की बात नहीं मानी। इससे नाराज विपक्ष कांग्रेस सदस्यों ने आसंदी के समक्ष नारेबाजी की और बाद में बहिर्गमन भी किया।

### शुक्ला ने किया सारंग का बचाव, आरोपों को बताया आधारहीन

चर्चा का उत्तर देते हुए उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने विपक्ष के आरोपों को आधारहीन बताया। उन्होंने श्री सारंग का बचाव करते हुए कहा कि नर्सिंग मामले में विपक्ष के आरोप आधारहीन हैं। उच्च न्यायालय के निर्देश पर नर्सिंग कॉलेज मामले की जांच के लिए सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में कमेटी बनी है। अदालत के निर्देश के मुताबिक, इस मामले में कार्रवाई होगी।

## असम में बाढ़ से 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित

- डिब्रूगढ़ जिले से 13 मछुआरों को सेना ने बचाया
- कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी।** मौसम ने देश के कई हिस्सों में जहां चेहरे पर मुस्कान खिलाई है। वहीं पूर्वोत्तर इसकी मार से कराह रहा है। पिछले एक माह से बाढ़ से जूझ रहे असम के लोग अस्थायी कैंपों में रह रहे हैं। असम में इस साल आई दूसरी बाढ़ में 20 जिलों में 6.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। हालांकि, लोगों के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) भगवान का रूप बनी हुई है। गंभीर रूप से प्रभावित ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### 20 जिलों के लोग प्रभावित

एएसडीएमए बुलेटिन ने कहा कि 20 जिलों- बिश्वनाथ, कछार, चराइदेव, दरांग, चिरांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, लखीमपुर, शिवसागर, सोनितपुर, मोरीगांव, नगांव, माजुली, करीमगंज, तामुलपुर, तिनसुकिया और नलबाड़ी के 67 राजस्व क्षेत्रों में 6,71,167 लोग बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। पिछले 24 घंटों में एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि होने के साथ ही इस साल बाढ़, तूफान और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। ब्रह्मपुत्र नदी लाल निशान के ऊपर बह रही है।

## केजरीवाल की याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सीबीआई को इस मामले में 17 जुलाई तक जवाब दाखिल करने को कहा है। सीएम केजरीवाल इस समय भ्रष्टाचार मामले में फिलहाल 14 दिन (12 जुलाई तक) तक न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी और उसके बाद एजेंसी की हिरासत की वैधता पर सवाल उठाया। 26 जुलाई को सीएम केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान सीबीआई ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें पूछताछ के लिए तीन दिन की ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

## हिंडनबर्ग ने सेबी के नोटिस को बताया 'बकवास'

- चुप कराने और डराने की है कोशिश
- तथ्यात्मक अशुद्धियों की पहचान करने में विफल रहा सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंडनबर्ग रिसर्च, एक अमेरिकी शॉर्ट सेलर, जिसने अडानी समूह पर शेयर बाजार में हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, एक बार फिर चर्चा में है। फर्म ने मंगलवार को बताया कि उसे 27 जून को सेबी से एक ईमेल मिला। हिंडनबर्ग ने बताया कि उसके बाद अडानी समूह के शेयरों में शॉर्ट सेलिंग का दांव लगाकर भारतीय नियमों का उल्लंघन करने के आरोपों पर उसे भारतीय नियामक की ओर से कारण बताओ नोटिस भेजा गया।

न्यूयॉर्क की कंपनी हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस को 'बकवास' बताते हुए कहा कि यह उन लोगों को चुप कराने और डराने का प्रयास है जिन्होंने भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की ओर से किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का पर्दाफाश करने की कोशिश की। हिंडनबर्ग ने कहा कि उसने खुद ही खुलासा किया था कि उसने अडानी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग की थी जिसका अर्थ है कि उसने अपने मूल्य में गिरावट की उम्मीद में शेयरों का सौदा किया था। हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए इस प्रकरण में कोटक महिंद्रा बैंक का भी नाम घसीटा है। उसके बारे में हम आगे चर्चा करेंगे। पहले बताते हैं कि हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

# चरम पर पहुंचा सट्टा का अवैध कारोबार, उजड़ रहे परिवार

## प्रशासन नही लगा पा रहा लगाम, बना चर्चा का विषय

सीताराम लोधी

**गौरझामर, देशबन्धु।** सट्टा के कारोबार से गौरझामर नगर सहित ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल दिनों दिन बिगडता ही जा रहा है। यहां पर सट्टा जहां जगह-जगह धड़ल्ले से खिलाया जा रहा है इसमें ओपन, क्लोज, जोड़ी, लेने हेतु ऑनलाइन मोबाइलों के जरिए इस काले धंधे को पुलिस की आड़ में चमका रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार जिससे कई परिवार पूरी तरह बर्बाद होने की कगार पर खड़े हैं जिसे रोकने हेतु पुलिस कार्यवाही संतोषजनक नहीं होने से आम जनमानस में नाराजगी बनी हुई है। इसी प्रकार सट्टा जैसी घोर बुराई को कुछ लोगों द्वारा सुरक्षा संरक्षण देकर बड़े पैमाने पर सट्टा के माहिर खिलाड़ियों को आमंत्रित कर अंक खुलेआम लगवाये जाते हैं। यह समाज विरोधी कार्य को पुलिस से बचाव करते हुए बड़े सुरक्षा कवच के साथ खिलाया जाता है। बीते दिनों अखबारों की सुर्खियां बनी रही खबरों का भी कोई असर नही हुआ न ही किसी अधिकारी ने अवैध सट्टे पर संज्ञान लिया इसी कार्यप्रणाली से कुछ और ही समझा जा सकता है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर में सट्टा के जरिये चलने वाला अवैध खेल अब यहां बड़े पैमाने का रूप ले चुका जुआ सट्टा को गौरझामर व आसपास का क्षेत्र महफूज होने से बड़े-बड़े जुआरी, सटोरिये हजारों के दांव अंक गौरझामर के हाता, गुगवारा, नयापुरा, महाकाली तिग्गडा, पुराना स्टेण्ड, फोर लाइन चौराहा, हाता तिगड्डा की अनेको दुकानों पर सट्टा के नंबर लगाये जाते हैं सट्टा, जुआ के खुल्लम खुल्ला चलने वाले सटोरियों के कारनामों की सट्टे की चर्चाये क्षेत्र में बनी हुई है।




## विधायक ने जेल में बंद कैदियों द्वारा निर्मित सामग्री के कार्य को बढ़ावा देने प्रश्नकाल में मुद्दा उठाया

**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन प्रश्न काल के माध्यम से केंद्रीय जेल एवं अन्य जेलों में कैदियों द्वारा उनके कार्य कुशलता के अनुसार निर्मित की गई विभिन्न प्रकार की सामग्री एवं उत्पाद के प्रदर्शन प्रचार-प्रसार एवं उचित कीमत पर विक्रय हेतु शासन द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है एवं सागर जिले में विगत 3 वर्षों में कैदियों के द्वारा कितनी मात्रा में सामग्री का निर्माण किया गया एवं कितनी राशि की सामग्री का विक्रय किया गया और विक्रय सामग्री से कितनी आय अर्जित की गई तथा इसका व्यय किन मद पर किया गया, तथा इससे व्यक्तिगत कैदी के लिए क्या लाभ प्राप्त किया जाता है।

प्रश्न उत्तर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया कि मप्र जेल उद्योग और बंदी पुनर्वास नियम बनाये गये हैं जिनके अंतर्गत उद्योगों का संचालन सामग्री का विक्रय किया जाता है, केंद्रीय जेल सागर में विगत 3 वर्ष में 92,82,822 रुपए की सामग्री का उत्पादन कर विक्रय किया गया जिससे 9,25,293 रुपए की आय हुई विक्रय से अर्जित आय का उपयोग बंदियों के पुनर्वास नियम 2021 के अंतर्गत किया जाता है और बंदियां को निर्धारित दर पर पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है कैदियों द्वारा निर्मित सामग्री का विक्रय प्रचार प्रसार रखरखाव किया जा रहा है और इन सब क्रियाकलापों के लिए उद्योग संवर्धन समिति बनाई गई है जो जेल उद्योग हेतु योजना बनाने योजनाओं के क्रियान्वयन का नियंत्रण करने के लिए गठित की गई है। विधायक जैन ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्य है इसको और भी अधिक प्रचार प्रसार और बढ़ावा देने की आवश्यकता है और प्रदेश की बाकी जेलों में भी इस तरह के प्रकल्प शुरू किये जाएंगे तो काफी अच्छे परिणाम सामने आयेगे।

## अभद्र टिप्पणी पर कार्यवाही की मांग को लेकर एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



**बीना, देशबन्धु।** देहरी गांव में रहने वाले एक युवक ने सोशल मीडिया पर क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे क्षत्रिय समाज के लोगों में आक्रोश है। समाज के लोगों ने एकत्रित होकर एसडीओपी प्रशांत सुमन को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। समाज के सीताराम सिंह ठाकुर ने बताया कि देहरी गांव निवासी विशाल गौतम नाम के युवक ने सोशल मीडिया पर क्षत्रिय समाज पर अभ्रद भाषा का उपयोग किया है। जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ रहा है और ऐसे लोगों पर कार्यवही करना आवश्यक है, इसलिए दो दिन में जांच कर कार्यवाही की जाये। मांग करने वालों में रविन्द्र सिंह, विवेक सिंह ठाकुर, सीताराम ठाकुर, दिनेश सिंह ठाकुर, संतोष सिंह, विवेक सिंह, राहुल ठाकुर आदि शामिल थे।

## शास. नेहरू महाविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम हुआ आयोजित



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में नूतन सत्र 1 जुलाई नई शिक्षा नीति नैतिक मूल्य और चरित्र निर्माण केरियर और विषय समूह की विस्तृत जानकारी पर केंद्र विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं अनुशासन और अपनी कक्षा में अध्ययन अध्यापन विभिन्न योजनाओं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इंडेक्शन कार्यक्रम को नैतिक मूल्य चरित्र निर्माण और साहित्यिक सांस्कृतिक अभिरुचि के जन जागरण जैसे विषयों पर प्रो. संतोष मिश्रा ने संबोधित किया। उन्होंने जीवन में सफलता के लिए सेवा समर्पण संकल्प शक्ति कार्य निष्ठा सामाजिक सहभागिता कैसे विषयों में अभिरुचि बढ़ाने का विद्यार्थियों से अपने घर परिवार और समाज में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का सकारात्मक रचनात्मक विचारशैली अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रो. संतोष मिश्रा, इंडक्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अलका पुष्प निशा ने छात्र-छात्राओं से परिचय और विगत संस्था में अपनी सहभागिता कार्यक्रमों में उपस्थित अभिरुचि का इंडक्शन प्रस्तुत किया, विद्यार्थियों के मनोभाव और उनकी अभिरुचि के विषयों में जानकारी प्रदान की।

## विभिन्न चाट एवं फुल्की दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन, दमोह राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में माधवी बुधौलिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शहर स्थित विभिन्न चाट दुकानों, फुल्की विक्रेताओं का औचक निरीक्षण करके फुल्की, पानी पूरी के पानी, मटर मसाला के गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स के माध्यम से की। उक्त निरीक्षण की कार्यवाही पथरिया फाटक ओवरब्रिज के नीचे अमन पटेल भाऊ फुल्की सेंटर, राय चौराहा स्थित विजय भाऊ फुल्की सेंटर, एवरेस्ट लॉज के सामने अनिल चाट भंडार, गुप चुप पानी पूरी सेंटर रीतेश तिवारी, राजेंद्र कुमार फुल्की सेंटर, उमा मिस्त्री की तलैया स्थित नीलेश असाटी, घंटाघर चौक स्थित मनीष असाटी, राहुल असाटी एवं ब्रजेश नेमा फुल्की सेंटर, तीन गुल्ली स्थित राम जी बघेल फुल्की सेंटर, सत्येंद गुप्ता फुल्की सेंटर, नवीन राठौर फुल्की सेंटर, सिंधी कैंप के पास श्री बागेश्वर धाम फुल्की सेंटर पवन यादव, किल्लाई नाका स्थित आजाद फुल्की सेंटर कपूरचंद असाटी, स्टेडियम के सामने स्थित कमलेश शर्मा, चाट फुल्की सेंटर, विजय यादव फुल्की सेंटर, कलेक्ट्रेट के पास गोवर्धन विश्वकर्मा फुल्की सेंटर, तहसील ऑफिस के पास स्थित पी के पानी पूरी प्रदीप कुमार फुल्की चाट सेंटर सहित दो दर्जन से ज्यादा फुल्की चाट विक्रेताओं पर की गई है। सभी दुकानों में पानी पूरी के पानी में टाटरी सिट्रिक एसिड एवं अन्य एसिड की जांच मेटानिल यलो कलर टेस्ट से ऑन द स्पॉट की गई। निरीक्षण में चार फुल्की सेंटर पर टाटरी सिट्रिक एसिड की मिलावट पाई गई है। उक्त फुल्की सेंटर दुकानदारों को टाटरी का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी।

# डॉ. सुमित रावत ने बढ़ाया बुंदेलखंड का मान




**सागर, देशबन्धु।** दुनिया के सबसे बड़े माइक्रोबायोलॉजी सम्मेलनों में से एक, एएसएम माइक्रोब 2024 का आयोजन एटलांटा के जॉर्जिया वर्ल्ड कांग्रेस सेंटर में 13 से 17 जून तक किया गया। जिसमें डॉ. रावत ने पिपटिंग एक्यूरेसी चैलेंज में पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। सम्मेलन में 200 से अधिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें माइक्रोब्स, उनके अध्ययन में समर्पित लोग और इस क्षेत्र में हो रहे जीवन परिवर्तक नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। सम्मेलन में सागर से प्रसिद्ध डॉ. वैज्ञानिक डॉ. सुमित रावत ने भाग लिया। डॉ.रावत सम्मेलन में अपने उत्कृष्ट अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा एएसएम माइक्रोब 2024 में भाग लेना मेरे लिये एक अद्वितीय अनुभव था। यहां पर मैंने फेज थेरेपी, एआई और माइक्रोब.ड्रिवन बायोइकोनॉमी के वादे जैसे विषयों पर नवीनतम अनुसंधान और खोजों के बारे में सीखा। यह सम्मेलन वैज्ञानिक समुदाय के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक था। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को फेज थेरेपी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता माइक्रोब ड्रिवन बायोइकोनॉमी जैसे अत्याधुनिक विज्ञान के क्षेत्रों में नवीनतम खोजों के बारे में जानने का अवसर मिला। ये सत्र जीवन परिवर्तक नवाचारों को उजागर करते हुए वैज्ञानिक समुदाय को आगे बढ़ाने में सहायक रहे। एएसएम माइक्रोब 2024 का उद्देश्य माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों और खोजों को प्रस्तुत करना था। इसने विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं को एक मंच पर लाने का कार्य किया। सम्मेलन ने वैज्ञानिक समुदाय को एक साथ लाने और उनके बीच सहयोग और ज्ञान साझा करने की भावना को प्रोत्साहित किया। यह सम्मेलन न केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण था, बल्कि इसने भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रेरित भी किया। डॉ. सुमित रावत की इस उपलब्धि पर सांसद डॉ. लता वानखेड़े, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया सहित समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और डॉक्टरों ने शुभकामनाएं दी।

**▸ एएसएम माइक्रोब 2024 से भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सुमित रावत स्वर्ण पदक जीतकर डॉक्टर-डे पर सागर पहुंचे**

## राजेश खरे की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ आयोजित



**बण्डा, देशबन्धु।** शासकीय माध्यमिक शाला जगथर में पदस्थ शिक्षक राजेश आनंद खरे के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक खरे का पूरा परिवार शामिल हुआ। सेवानिवृत्ति के दौरान ग्रामीणों के आंखों में आंसू देखे गये। उपस्थित लोगों ने श्री खरे का शाल श्रीफल से सम्मानित किया, राजेश आनंद खरे ने ग्राम जगथर स्कूल में नौकरी के 14 साल गांव के बच्चों के बीच सेवा दी है, वहीं गाव के ग्रामीणों ने राजेश खरे के कार्य के प्रति हमेशा प्रशंसा जाहिर की, ग्रामीणों ने बताया है वर्ष 2010 में आते ही शिक्षक राजेश खरे ने स्कूल की दुर्दशा को देखकर हैरान हो गए थे लेकिन राजेश खरे और समस्त शिक्षकों ने मदद कर वर्ष 2013 में शासकीय हाई स्कूल खोला गया, इनके पढाये हुए कई बच्चे आज सरकारी नौकरी कर रहे हैं। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सबलोक लोधी, पटवारी महेंद्र लोधी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्राचार्य अमित यादव, अरविन्द्र जैन, वीडी गौड़, गोपाल ठाकुर, उमराव जाटव आदि सहित समस्त शिक्षक, बच्चे एवं ग्रामीण जन शामिल रहे।



**सागर, देशबन्धु।** आषाढ़ के द्वितीय मंगलवार को धर्मश्री स्थित श्री देव बालाजी मंदिर प्रांगण में रविंद्र ठाकुर मित्र मंडली द्वारा साबूदाने वाली खिचड़ी का भोग भगवान बालाजी को समर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें राहुल नामदेव, टीना रविंद्र ठाकुर, आशु साहू, संतोष प्रजापति, वेद ठाकुर, हरीश सेन, गौरव चौरसिया, राजा प्रजापति एवं समस्त मित्र मंडली उपस्थित रही।

## नवीन अपराध अधिनियम 2023 विषय पर जन जागरूकता शिविर का आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस प्रशिक्षण शाला में विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण संजय झा, अति. पुलिस महानिदेशक सोनाली मिश्रा के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला दिनेश कुमार कौशल के मार्गदर्शन में मंगलवार को नवीन अपराध अधिनियम 2023 विषय पर जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सुरक्षा समिति के 15 एवं प्रशिक्षण शाला सागर के आसपास के क्षेत्र के महिला पुरूष सम्मिलित हुये। शिविर में पुलिस मुख्यालय की प्रशिक्षण शाखा द्वारा निर्मित लघु फिल्म अब न बचोगे बच्चू का प्रदर्शन कराया गया। नवीन अपराध अधिनियमों महत्वपूर्ण जानकारी के अंतर्गत ई एफआईआर जीरो एफआईआर तलाशी जब्ती एवं पूंछताछ परीक्षण में ऑडियों वीडियो तकनीक के प्रयोग महिलाओं एवं बच्चों के प्रावधान न्यायालय की प्रक्रिया शीघ्र अतिशीघ्र संपन्न कराये जाने संबधी प्रावधान की समुचित जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक पीटीएस दिनेश कौशल ने बताया कि नवीन कानूनों में पुलिस की जवाबदेही, पारदर्शिता बढाइ गई है एवं समस्त न्याय प्रक्रिया का व्यापक डिजीटलीकरण किया गया है। शिविर में अति. पुलिस अधीक्षक लवली सोनी, उप पुलिस अधीक्षक एसएल सिसौदिया एवं समस्त पीटीएस स्टाफ उपस्थित रहा।

## आरजीपीव्ही के घोषित परिणामों में बीटीआईआरटी के विद्यार्थियों का उल्लेखनीय प्रदर्शन

**सागर, देशबन्धु।** आरजीपीव्ही भोपाल ने बीटेक आठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं जिसमें बीटीआईआरटी सिरोंजा सागर के विद्यार्थियों ने डिग्री की पात्रता अर्जित की। बीटीआईआरटी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में बीटेक के विद्यार्थियों ने आठवें सेमेस्टर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से परमजीत सिंघा ने 9.0 एसजीपीए के साथ प्रथम, मोतीलाल कुर्मी ने 8.72 एसजीपीए के साथ द्वितीय एवं नितिन सेन ने 8.0 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग से अखिलेश राठौर ने 8.67 एसजीपीए के साथ प्रथम, सत्यम कुर्मी ने 8.17 एसजीपीए के साथ एवं हिमांशु रैंकवार ने 8.11 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग से मोहनी चेनपुरिया ने 8.56 एसजीपीए के साथ प्रथम, शीतल जैन ने 8.5 एसजीपीए के साथ द्वितीय एवं अभय पटैल ने 8.33 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग से डॉली अहिरवार ने 8.33 एसजीपीए के साथ प्रथम, शिवम यादव ने 7.78 एसजीपीए के साथ द्वितीय एवं थम्मन लोधी ने 7.61 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से अनुज पटैरिया ने 8.33 एसजीपीए के साथ प्रथम, स्वाती अहिरवार ने 8.33 एसजीपीए के साथ द्वितीय एवं लीलाधर कुर्मी ने 7.78 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीटीआईआरटी के समस्त विभागों के छात्रो नें उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुये, 40 से अधिक विद्यार्थियों ने बीटेक ओनर्स के साथ उपलब्धि हासिल की। बीटीआईआरटी के सभी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था के रजिस्ट्रार तरूण कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले एवं सचिव डॉ. सत्येन्द्र जैन ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी।

## वन विभाग की टीम ने हटाया अतिक्रमण



**बांदरी, देशबन्धु।** मंगलवार को वन विभाग की टीम ने बांदरी से लगे हुए वन क्षेत्र में अतिक्रमण करते हुए एक को गिरफ्तार कर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया, रेंजर ओमप्रकाश बबेले ने बताया कि बीट बांदरी नंबर 2 में वृक्षारोपण क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सफाई कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा था इसी के चलते वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो हल बखर से जोतते हुये गोविंद अहिरवार एवं उसकी मां गीता अहिरवार मौके पर पाए गये, जिनके खिलाफ वन अपराध प्रकरण कायम किया, और हल बखर की जप्ती बनाई, और बखरी हुए वन भूमि पर बीज बुबाई कर अतिक्रमण से बेदखल किया गया, वन विभाग की कार्यवाही के पूर्व महिला द्वारा वन कर्मचारी के लिये अप शब्द बोले तथा जप्त किये गये बखैर पर बैठ गई जिस कारण वन स्टाफ को हल को अपने कब्जे में लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उक्त महिला को वन कर्मचारियों द्वारा समझा कर मौका स्थल से अलग किया तथा द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण न करने समझाइस दी, उपरोक्त कार्यवाही में मुरारी लाल कोरी वनपाल, सुनील कुर्मी, रविंद्र अहिरवार, जय सिंह यादव, संदीप अहिरवार, हल्ले यादव, भगवान सिंह ठाकुर एवं अन्य कर्मचारियों ने वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया।

## शरद कांत सोनी रोटरी क्लब सागर सेंट्रल के नये अध्यक्ष व डॉ. विनोद ठाकुर सचिव बने



**सागर, देशबन्धु।** रोटरी इंटरनेशनल का नया सत्र 1 जुलाई से आरंभ होता है। इसमें किये जाने वाले सेवा सेवा प्रकल्पों की रूप रेखा बनाने के लिए विशेष सभा की बैठक का आयोजन विगत दिनों किया गया। नये सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष पद हेतु रो. शरद कांत सोनी का, सचिव हेतु रो. डॉ. विनोद ठाकुर व कोषाध्यक्ष हेतु रो. माधव सोनी का मनोनयन किया गया। आगामी सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष रो. अभिनय जैन को मनोनीत किया गया। इस बर्ष के सफल संचालन के लिए संचालक मंडल का गठन भी किया गया। रोटरी के नये सत्र में सेवा प्रकल्पों की श्रृखंला में रक्तदान शिविर, डाक्टर्स का सम्मान समारोह, चिकित्सा उपकरण बैंक, प्राकृतिक चिकित्सा प्रकल्प, जैसे अनेकों सेवाभावी प्रकल्पों को मूर्तरूप देने की योजना है। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा हेतु इस सीजन में पौधों को लगाने के साथ ही उन्हें विशेषकर उन्हें बड़ा करने जिम्मेदारी भी सदस्यों को दी जाएगी जिससे कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने का वास्तविक लक्ष्य हासिल हो सके। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर रो. अमित गुप्ता, रो. सुभाष कंडया, रो. संजय अग्रवाल, रो. राजीव चौधरी, रो. प्रदीप राधेलीय, रो. आजाद जैन, रो. राजेश मिश्रा, रो. विनोद ठाकुर आदि सम्मिलित हुये।

## शादी का झांसा देकर दो साल तक किया शोषण

**सागर, देशबन्धु।** कोतवाली थाने में युवती ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। आरोपी प्रेमी शादी का झांसा देकर युवती के साथ गलत काम करता रहा। बाद में शादी करने से मुकर गया। मामले में पुलिस दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में किराये से रहने वाली 23 वर्षीय युवती ने थाने में शिकायत करते हुये बताया कि सागर से बीए की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात अंकित कुशवाहा उम्र 21 साल निवासी कछिया जैतपुर से हुई। कुछ दिन में दोस्ती हो गई और बातचीत होने लगी थी। वर्ष 2022 से हम दोनों एक-दूसरे को पंसद करने लगे। आरोपी अंकित शादी करने की बात कहकर अपने साथ किराए के कमरे में 11 दिसंबर 2022 को लेकर गया। जहां उसने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मना करने पर बोला कि मैं शादी करूंगा। उसके बाद बार-बार गलत काम करता रहा। जब भी शादी करने का बोला तो कोई बहाना बनाकर टाल देता था। आखिरी बार मेरे साथ 11 फरवरी 2024 की रात दुष्कर्म किया। जिसके बाद वह अपने गांव चला गया। मैंने शादी का बोला तो वह बहाने बनाने लगा। अप्रैल 2024 को मुझे पता चला कि मैं गर्भवती हूं तो आरोपी ने गर्भपात की गोली खिलाकर गर्भपात करा दिया। बाद में आरोपी अंकित ने शादी करने से मना कर दिया। आरोपी बोला कि तुम नीची जाति की होए मैं शादी नहीं कर सकता हूं। परेशान होकर थाने आकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# कलेक्टर कुर्सी छोड़ पहुंचे दिव्यांग सीताराम के पास

## जन सुनवाई में 107 आवेदनों पर हुई कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य मंगलवार को जनसुनवाई कर रहे थे, उसी वक्त दिव्यांग सीताराम जनसुनवाई में पहुंचा तब कलेक्टर ने जनसुनवाई में अपनी कुर्सी छोड़कर तत्काल दिव्यांग सीताराम के पास पहुंचे और उसकी समस्यायें सुनी। कलेक्टर ने दिव्यांग सीताराम के द्वारा की गई मांग को तत्काल निराकृत किया। जिससे सीताराम ने कलेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित किया। जनसुनवाई में कलेक्टर दीपक आर्य, संयुक्त कलेक्टर आदिती यादव एवं डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग ने आम लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जिले के 107 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

## ब्रेकर पर बेकाबू होकर फिसली बाइक, 3 लोग घायल

**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा-खुरई रोड स्थित करमपुर गांव के पास ब्रेकर पर एक बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार नोनीतराम कुशवाहा 25, अंजना कुशवाहा 20 और छोटी बाई कुशवाहा 45 सभी निवासी पथरिया जेगन, खिमलासा से अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान करमपुर गांव के पास ब्रेकर पर बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बीना, आगासौद और बांदरी की 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को खुरई सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल नोनीतराम कुशवाहा ने बताया कि अंजना कुशवाहा की तबीयत खराब होने पर उसे इलाज के लिये खिमलासा ले गये थे। इलाज कराने के बाद गांव लौट रहे थे कि हादसा हो गया।



## सार समाचार

### स्टेट बैंक स्टाफ पेंशनर एसोसिएशन ने किया पेंशनर्स का सम्मान

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक स्थापना दिवस के अवसर पर स्टेट बैंक के 75 वर्ष से अधिक उम्र के स्टाफ पेंशनरो का सम्मान गांधी आश्रम में किया गया। लखन अग्रवाल ने अध्यक्ष एवं प्रकाश तिवारी ने सचिव का पद ग्रहण करते ही निश्चय किया था कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के छतरपुर जिले के जितने भी स्टेट बैंक स्टाफ के पेंशनर साथी है उन सभी का सम्मान आगामी मीटिंग में किया जायेगा। कल व्हीएन अग्रवाल सहित 15 वरिष्ठ साथी का सम्मान किया गया। इस दौरान प्रकाश तिवारी ने पेंशन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। अवधेश अग्रवाल (सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक) ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

### चंदनगर में साप्ताहिक बाजार में युवक को बेरहमी से पीटा

**बमीठा, देशबन्धु।** बमीठा थाना के अंतर्गत चंद्रनगर चौकी क्षेत्र में गांव में लगे साप्ताहिक बाजार में एक सब्जी विक्रेता की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। इस मारपीट का वीडियो वायरल होने और पुलिस ने सक्रिय होकर आरोपी के खिलाफ नए अपराधिक अधिनियम भारतीय न्याय संहिता तथा एससी एसटी की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करके गिरफ्तार कर लिया है।चंद्रनगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मोहर सिंह सिकरवार ने बताया इस मामले में आरोपी नीरज यादव निवासी ग्राम भियाताल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ पर आरोपी ने सब्जी खरीदने के दौरान पैसों को लेकर होना विवाद के बाद दुकानदार को पीटने की बात स्वीकारी है।

### सीएम स्वेच्छानुदान से 4.40 लाख रुपए मंजूर

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित चार लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4.40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। बताया गया है हितग्राही कंचन असाटी निवासी वार्ड 11 बड़ामलहरा को 2 लाख, बेबी ऑफ नीरू पुत्री नरेंद्र सिंह निवासी वार्ड 28 बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर को 75 हजार, महेन्द्र जाटव वार्ड 13 सटई छतरपुर को 50 हजार, अमोल सिंह निवासी बकस्वाहा तहसील को 45 हजार, मदन यादव निवासी ग्राम तेईयामार तहसील बकस्वाहा को 40 हजार, समीया बानो निवासी वार्ड 22 बड़ी कुंजरेहटी छतरपुर को 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

### उल्लास नव भारत साक्षरता के बारे में दिया प्रशिक्षण

**नौगांव, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यशाला में उल्लास नवभारत साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को साक्षर किया जाना है। इसमें ग्राम के पढ़े लिखे लोग अक्षर साथी के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिन्हे शासन द्वारा एक प्रमाण पत्र दिया जायेगा। मुख्य अतिथि अधिकारी शिवेंद्र निगम, जिला सह समन्वयक शफीक अहमद, संस्था के प्राचार्य एमपी अहिरवार, आरके त्रिवेदी विचार रखे। रोली निगम एवम शफीक अहमद ने अक्षर साथियों का सम्मान किया।अंत में ब्लॉक सह समन्वयक महेंद्र दीक्षित ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन संतोष वाजपेई संकुल समन्वयक ने किया।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में आये 80 आवेदन



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों से प्राप्त 80 आवेदनों की अधिकारियों द्वारा सुनवाई की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 80 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही दिव्यांगों के शिकायती आवेदनों की सुनवाई अलग से की गई। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए हैं।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से मिली बडी कामयाबी

# डकैती डालने के पहले गिरोह के 5 आरोपी हथियारों सहित गिरफ्तार, 1 फरार



**छतरपुर, लवकुशनगर, देशबन्धु।** डकैती की किसी बडी वारदात को अंजाम देने से पहले पुलिस ने गिरोह के 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पकडे गये बदमाशों के पास से कई घातक हथियार जब्त किये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया मुखबिर से सूचना मिली लवकुशनगर में जेल रोड पर आईटीआई कॉलेज के पीछे एक सुनसान जगह पर 5-6 बदमाश एकत्र हैं इनके पास एक कार व कई घातक भी हथियार हैं। वे किसी बडी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे एवं लवकुशनगर टीआई प्रशांत सेन के साथ एसआई ज्ञान सिंह, प्रधान आरक्षक पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, रमाकांत तिवारी, बुद्ध सिंह, अनीस अहमद, आरक्षक रमाकांत तिवारी, हृदेश नायक, सूरज शर्मा, वनमाली, उमेश वर्मा, बलराम अहिरवार, देव सिंह, अनिल यादव, विकास सिंह, अमित चंदेल और उदय सिंह की टीम ने आईटीआई कॉलेज के पास पहुंचकर तीन तरफ सेघेराबंदी कर ली। टीम को वहां एक कार के पास 6 बदमाश बात करते नजर आये। चुस्त घेराबंदी करके अपनी ओर आती पुलिस को देखकर बदमाशों में भगदड मच गई। पुलिस ने तत्परता से पांच बदमाशों को दबोच लिया, जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।

### घेराबंदी करके इन बदमाशों को पकड़ा गया

पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने बताया पकडे गये आरोपियों के नाम सूरज अहिरवार पुत्र स्वामीदीन अहिरवार 21 वर्ष निवासी वार्ड 2 लवकुशनगर, सुरजीत पाल पुत्र गनपत पाल 18 वर्ष ग्राम सदाफल थाना लवकुशनगर, रूपकिशोर कुशवाहा पुत्र नारायण कुशवाहा 19 वर्ष वार्ड 14 लवकुशनगर, जीतेंद्र अहिरवार उर्फ़ रबाडा पुत्र दयाराम अहिरवार 19 वर्ष वार्ड 2 लवकुशनगर और हेमंत कुशवाह पुत्र राजू कुशवाहा 21 वर्ष ग्राम सिजहरी थाना श्रीनगर जिला महोबा उत्तर प्रदेश हैं। बदमाशों के पास से 315 बोर का एक लोड कटटा, तलवार, सब्बल, बका, कुल्हाडी, मोटी छड, प्लास, चार मोबाइल फोन और एक सफेद रंग की एक्सयूवी 500 कार क्रमांक एमपी 17 सीए 8410 बरामद किए गए हैं। सभी बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### प्रतापपुरा में डकैती डालने वाले थे बदमाश

पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने बताया पकडे गये पांचों बदमाशां से पूछतांछ में पता चला कि वे ग्राम प्रतापपुरा में एक घर में डकैती डालने की योजना बना रहे थे। उनका एक साथी जो अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा, उसका नाम राहुल वर्मा पुत्र अशोक वर्मा निवासी लवकुशनगर पता चला है। पुलिस उसकी तलाश में लगी है उसे जल्दी पकड लिया जायेगा। पकडे गये आरोपी जितेंद्र अहिरवार के विरुद्ध हत्या सहित तीन मामले, राहुल अहिरवार पर मारपीट एवं अवैध हथियार के दो मामले और सूरज अहिरवार के विरुद्ध चंदा वसूली व मारपीट के दो अपराध पूर्व से दर्ज हैं।

# अवैध रुप से शराब बेचने का वीडियो वायरल, पुलिस अंजान

**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा अवैध शराब नहीं बिकने के दावे की कलई आवाज लगाकर अवैघ रुप से शराब बेचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से खुल गई है।

इस वीडियो में एक युवक खुलेआम स्टेशन मुहल्ले में रेल्वे स्टेशन की बाउंड्री पर शराब की पेटी रखकर शराब का क्वार्टर कम दाम में 40 से 50 रुपये में देने की आवाज लगाकर बेचता नज़र आ रहा है। पता चला है कि शराब की यह अवैध बिक्री शराब कंपनी के मैनेजर के निर्देश पर की जा रही है। लोगो में चर्चा है कि वीडियो वायरल होने ने बावजूद पुलिस व आबकारी विभाग हाथ पर हाथ रखे बैठा है। लोगों का ये भी कहना है कि पुलिस के सहयोग से नगर की गली-गली अवैध रुप से शराब फेरी लगाकर बेची जा रही है।

### इनका कहना है

वीडियो संज्ञान में आया है मौका मुआयना कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करवाते है

**चंचलेश मरकाम**
**एसडीओपी, नौगांव**

### बाईक से घर जा रहे युवक पर चलाई गोली, कंधे पर लगी गोली

**घुवारा, देशबन्धु।** नगर के टीकमगढ़ सागर हाईवे पर घुवारा से कुछ दूरी पर बछरावनी निवासी रामकिशन रैकवार को गोली मार कर घायल कर दिया गया। घायल युवक के कंधे में गोली लगने से सडक पर ही लाईक समेत गिरि गया घायल को सड़क पर पड़ा देखकर राहगीरों ने परिजनों सहित पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलते ही परिजनों ने मौके पर आकर घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले आये जहां डाक्टर आनंद यादव द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए घायल को टीकमगढ़ जिला अस्पताल रिफर किया गया बही डाक्टर द्वारा बताया गया है कि अभी गोली लगने की पूर्ण रूप से पुष्टि नहीं की गई जबकि घायल युवक के परिजनों ने गोली मारने के आरोप लगाये है जो जिला अस्पताल से घटना की पुष्टि होगी फिलहाल घायल युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण अभी तक कोई बयान नहीं दिए गये जिससे घटना को किसने अंजाम दिया इस बात का अभी कोई स्पष्ट बात सामने नहीं हो सकी फिलहाल पुलिस ने घायल युवक को कब्जे में लेकर घटना की बारीकी से जांच पड़ताल करना शुरू कर दी है। साथ ही खबर लिखे जाने तक घायल युवक को होस में न आने की बात सामने आई है।

# शराब पीने के लिए पति ने लाड़ली बहना के रुपए निकाले तो पिया कीटनाशक

*छतरपुर, देशबन्धु। जिले के नौगांव कस्बे में शराबी पति ने शराब पीने के लिए लाडली बहना के रुपए निकाले और विरोध करने पर पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। जिससे दुखी गर्भवती पत्नी ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया है। उसका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।*

*जिला अस्पताल में भर्ती सीमा ने बताया 5 साल पहले उसकी शादी रोहित से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उसे परेशान करने लगे थे। अब तक वे लोग मुझे 8 बार घर से बाहर निकाल चुके हैं। उसने बताया उसका 2 साल का एक बेटा है, अभी 2 माह से गर्भवती हूं। पति ने शराब पीने के लिये लाडली बहना के रुपये निकाले इसका विरोध करने पर मुझे घर से बाहर निकाल दिया। जिससे हताश होकर कीटनाशक पी लिया।*

*जहर के असर से हालत बिगड़ी तो परिजन नौगांव अस्पताल ले गये, यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला का आरोप है पति शराब पीने के लिये मेरे खाते से लाडली बहन के रुपए निकाल लेते हैं। देवर भी शराब पीकर विवाद करता है। सास सरस्वती का कहना है उसके तीनों बेटे शराब पीकर नशे में आपस में झगड़ते हैं। इसी बात से परेशान होकर बहू ने यह कदम उठाया।*

### प्लाट आवंटन में गड़बड़ी पर महाप्रबंधक व प्रबंधक निलंबित

**छतरपुर, देशबन्धु।** उद्योग विभाग की चन्द्रपुरा स्थित बेशकीमती जमीन के आवंटन में गड़बड़ी पर उद्योग विभाग के महाप्रबंधक एवं प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है।

इस मामले को बड़ामलहरा विधायक रामसिया भारती ने विधानसभा में उठाया था। सागर से आयी संयुक्त संचालक की टीम ने जांच की जिसमें प्रथम दृष्टया गड़बड़ी सामने आयी। बता दें कि चन्द्रपुरा की उद्योग विभाग की जमीन के आवंटन में हुई गड़बड़ी के मामले में संयुक्त संचालक परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय सागर की टीम ने स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति जानी। इस जांच में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आशुतोष गुप्ता एवं प्रबंधक श्रीप्रकाश मिश्रा ने जांच में कोई सहयोग नहीं दिया। प्रथम दृष्टया औद्योगिक क्षेत्र का सीमांकन न कराने तथा भूमि उपलब्ध न होने के बावजूद इकाईयों को जमीन आवंटित की गई जो नियम विरूद्ध है। नियमों को ताक पर रखकर भूमि हस्तांतरण भी कराया गया। न्यायालय से स्थगन के बाद भी दोनों अधिकारियों की मनमानी जारी रही। पार्क को आरक्षित भूमि पर निजी व्यक्तियों का कब्जा पाया गया। इन अनियमितताओं पर उपसचिव मप्र शासन सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने महाप्रबंधक एवं प्रभारी प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करके श्रीप्रकाश मिश्रा का मुख्यालय श्योपुर और महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता को सिंगरौली अटैच किया गया है।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित 8 विभाग प्रमुखों को दिया नोटिस



**नौगांव, देशबन्धु।** मंगलवार को जनसुनवाई में कुल 12 आवेदन आये। इनके निराकरण के लिये एसडीएम ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं।

तहसील परिसर में जनसुनवाई के दौरान विभाग प्रमुख हरपालपुर मंडी सचिव गोरेलाल आदिवासी, नौगांव मंडी सचिव ममता वर्मा, जनसंसाधन एसडीओ लता वर्मा, गढ़ीमलहरा नायब तहसीलदार रितु सिंघई, पशु अधिकारी मीनाक्षी पटैरिया के अलावा जल निगम डिप्टी मैनेजर, आरआई , सहकारिता निरीक्षक महाराजपुर और नौगांव अनुपस्थित रहे, जिस पर एसडीएम विशा माधवानी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस थमाया है। हालांकि महाराजपुर तहसीलदार अनिल तलैया देर से पहुंचे इससे इनका नोटिस निरस्त कर दिया गया। एसडीएम ने बाढ़ राहत व बचाव कार्य के लिये विभाग के प्रमुखों की बैठक ली। जिसमें आपदा प्रबंधन बरसात के दिनों में बाढ़ नाला उफान की समस्याओं से निपटने के लिये समंजस्य स्थापित करके बाढ़ आपदा से निपटने के लिये तैयार रहने के निर्देश दिए। बारिश के दौरान डूबने वाले पुलों पर पुलिस बल के साथ एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व होम गार्ड के जवानो को अलर्ट रहने को कहा।

# बरसात में विशालकाय नीम व इमली के पेड़ जमींदोज



**नौगांव, देशबंधु।** नगर में बरसात के कारण सदियों पुराने पेड़ अपने आप धराशयी हो रहे हैं। शनिवार की रात कृषि विज्ञान केंद्र के सामने विशालकाय नीम का पेड़ अपने आप कृषि विज्ञान केंद्र की दीवार पर गिर गया। रात को पेड़ गिरने के कारण वहां कोई नहीं था, इस कारण कोई अनहोनी नहीं हुई। इसी तरह सोमवार को 4 बजे अरविंद आश्रम के अंदर लगा इमली का पेड़ भी बारिश के कारण धराशयी हो गया। यह पेड़ मंदिर के पास था, मगर मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ। जिस समय पेड़ गिरा उस समय वहां कोई नही था, इससे बड़ी घटना टल गयी।

# राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में निशानेबाज आरक्षक रीना सम्मानित



**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा इंदौर में आयोजित महिला शूटिंग प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय महिला पुलिस बल से छतरपुर में पदस्थ आरक्षक रीना पटेल ने भाग लिया।

ऑल इंडिया पुलिस स्पेशल शूटिंग कंपटीशन (वुमन) 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से प्रतिनिधित्व किया गया था। प्रतिभागी महिला आरक्षक रीना पटेल को तमिलनाडु पुलिस द्वारा प्रतिभागी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहां से लौटने पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने रीना पटेल को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया है।

### नामांतरण में लापरवाही पर दो पटवारी निलंबित

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने मंगलवार को दो हल्का पटवारियों को आदेशों का अमल नहीं करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तहसील चंदला हल्का पटवारी लबरहा मातादीन अनुरागी द्वारा आवेदक अविनाश के नामांतरण के आदेश का राजस्व प्रकरण में आदेश पारित होने के एक माह तक आदेश को राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं किया गया। इसी तरह हल्का पटवारी राजबाहदुर त्रिपाठी नीवीखेडा तहसील गौरिहार द्वारा आवेदक संतोष पाल के नामांतरण का आदेश एक माह तक राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं किया गया। इसे कदाचरण मानकर दोनों पटवारियों को सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण अपील 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करके तहसील में मुख्यालय नियत किया गया है।

### क्षत्रिय पवार समाज ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** क्षत्रिय पवार समाज संगठन बैतूल द्वारा पवार मंगल कालापाठा में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में, समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल पवार (पिंजारे) ने की। कार्यक्रम के दौरान, प्रदेश स्तरीय स्थान प्राप्त करने वाले यश पवार और एमपीपीएससी में चयनित आंचल पवार सहित, कक्षा दसवीं और बारहवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रोंढा निवासी पूर्व कलेक्टर प्रदीप कालभोर नागपुर द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश का वाचन भी किया गया।श्रीमती मीना डां राजेन्द्र प्रसाद गिहारे ने अपने ससूर स्व. कुंवरलाल गिहारे (शिक्षक) की स्मृति में यश पवार को 5000 रुपये और एमपीपीएससी की तैयारी करने वाली कु. गायत्री को 2500 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की।

# नये कानून के बारे में लोगों को जागरुक करने में जुटी पुलिस

**जनसंवाद मे दी नये कानून की जानकारी, किया लोगों की शंकाओं का समाधान**



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के सभी थानों और चौकी क्षेत्र में जनसंवाद शिविर आयोजित करके पुलिस लोगां को नये कानून के बारे में जानकारी दे रही है। इस बारे में लोगों को जागरुक करके लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है।

जिले में अलग अलग थानों और चौकियों में आयोजित जनसंवाद में वरिष्ठजन, महिलाओं, छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया है। साथ ही नवीन कानूनों के थाना स्तर पर सफल क्रियान्वयन के लिये पुलिस विवेचकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। नवीन कानूनों के बारे में जानकारी देते हुये पुलिस अधिकारियां ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीनों नये कानून को लाने का उद्देश्य जाँच और न्याय प्रणाली को पारदर्शी, सहज व सुलभ बनाना है। नए कानून में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य और दस्तावेजी साक्ष्य को समान रूप से महत्व दिया गया है। अपराध में पीड़ित व्यक्ति को पूरा न्याय मिल सके, यही नए कानून की मूल भावना है। इसी क्रम में नौगांव के बापू डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित जनसंवाद में एसडीओपी नौगांव चंचलेश मरकाम, नौगांव थाना प्रभारी टीआई सतीश सिंह, चौकी प्रभारी गर्रोली एसआई नेहा सिंह गुर्जर, थाना अलीपुरा में एसआई डीडी शाक्य, थाना गढ़ीमलहरा में थाना प्रभारी टीआई डीके सिंह एवं थाना हरपालपुर परिसर में थाना प्रभारी टीआई राकेश साहू ने लोगों को नये कानून की जानकारी दी गई है। लोगों को बताया गया कि आईपीसी के स्थान पर बनाये गए नये कानून बीएनएस की धाराओं में हत्या की धारा 302 के स्थान पर धारा 103, हत्या के प्रयास की धारा 307 के स्थान पर धारा 109, दुष्कर्म की धारा 376 के स्थान पर धारा 64, छेड़छाड़ की धारा 354 के स्थान पर धारा 74, चोरी की धारा 379 के स्थान पर 303 लगाई जायेगी।

### *किशनगढ में नये कानून का उत्साह से किया स्वागत*

*थाना किशनगढ़ में पुलिस ने उत्सव मनाते हुए बैंड बाजा के साथ नए कानून का स्वागत किया है। इस मौके पर थाना किशनगढ़ प्रभारी एसआई राजकुमार तिवारी ने पुलिस टीम व क्षेत्र वासियों के साथ बैंड बाजे के साथ कस्बा में भ्रमण किया गया। थाना परिसर में थाना प्रभारी श्री तिवारी ने लोगों को नए कानून की जानकारी देते हुए समझाया गया कि इससे न्याय प्रणाली पारदर्शी, सरल, सहज रहेगी। इसी तरह बमीठा थाने की चंद्रनगर चौकी परिसर में नए कानून को लेकर जानकारी दी गई। चौकी प्रभारी मोहन सिंह सिकरवार ने सभी आरक्षक, गणमान्यजन, अधिवक्ता एवं पत्रकारों को नए कानून को लेकर हुए परिवर्तन से अवगत कराया। सभी को बताया गया कि भारत सरकार द्वारा अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून एवं धाराओं में परिवर्तन करके नए प्रावधान जोड़े गए है। उन्होंने बताया न्याय प्रक्रिया एवं धाराओं तथा कानून को लेकर के लोगों तक जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से यह मीटिंग आयोजित की गई है। गांव गांव में लीगों को इस बारे में जागरूक किया जाएगा।*

देशबन्धु

सागर, बुधवार 3 जुलाई 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# प्रधानमंत्री के भाषण से निराशा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे, तो एक बार फिर उनके लहजे में बड़बोलेपन और अहंकार के भाव के साथ-साथ विपक्ष के लिए घृणामिश्रित उपेक्षा का भाव नजर आया। श्री मोदी के भाषण को सुनकर ऐसा लगा कि सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो भाषण दिया था, उसकी चोट से उबरने में अभी उन्हें वक्त लगेगा। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने साफ शब्दों में यह बता दिया था कि भाजपा हिंदू धर्म की शिक्षा पर नहीं चलती है और जिस हिंदुत्व को वह बढ़ावा देती है, उससे नफरत और हिंसा फैलती है। राहुल गांधी के इस वक्तव्य पर संसद में खड़े होकर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके साथियों ने आपत्ति व्यक्त की थी। इसके बाद आधी रात को श्री गांधी के भाषण से उन हिस्सों को हटा दिया गया, जिनमें भाजपा पर चोट की गई थी। राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर इन हिस्सों के हटाए जाने पर अपनी असहमति दर्ज कराई है। इसके अलावा राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को भी एक पत्र लिखा, जिसमें नीट परीक्षा पर चर्चा की मांग फिर से की है।

प्रधानमंत्री मोदी राहुल गांधी के पत्र का जवाब देंगे या नहीं, इस पर अब संदेह होता है। क्योंकि मंगलवार को अपने भाषण में उन्होंने राहुल गांधी के लिए एक बार फिर अपमान भरे लहजे में बालकबुद्धि शब्द का प्रयोग किया। श्री मोदी ने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन में भी किसी के गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है, तो सदन के अंदर बैठकर आंखें मारते हैं। इनकी सच्चाई अब पूरा देश समझ गया है। इसी तरह श्री मोदी ने एक किस्सा सुनाया कि एक बच्चा 99 अंक लेकर की बात करता है, लेकिन बाद में पता चलता है कि उसने सौ में नहीं 543 में 99 अंक हासिल किए हैं।

इन दो उदाहरणों से ही साबित हो जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी पहले की तरह संवेदनहीनता का परिचय देते रहेंगे। श्री मोदी ने एक बार आईआईटी रुड़की के छात्रों से चर्चा के दौरान डिस्लेक्सिया बीमारी का जिक्र निकलने पर भी राहुल गांधी पर तंज कस कर बता दिया था कि उनके मन में मानसिक रोगियों के लिए किस तरह हिकारत का भाव है। जब राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए उन्होंने मंगलवार को सदन में बालकबुद्धि शब्द का इस्तेमाल किया, तब भी यही हिकारत जाहिर हुई। क्योंकि बुद्धिमत्ता के गढ़े गए पैमाने पर, यानी मानक आईक्यू स्तर पर जिन लोगों के अंक कम आते हैं, उनके लिए बालकबुद्धि जैसी बातें कही जाती हैं। संभवत: एनडीए सरकार के लिए नीट, मणिपुर, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, अग्निवीर के नाम पर देश की सुरक्षा के साथ खेला गया खेल, किसानों से छल, विकास के नाम पर आ रही तबाही, ऐसे सारे मुद्दे गौण हैं, तभी इन पर चर्चा की बात करने वाले राहुल गांधी के लिए बालकबुद्धि जैसे शब्द का इस्तेमाल किया गया है।

श्री मोदी हर साल परीक्षा पर चर्चा भी करते आए हैं। एक्जाम वारियर नाम से किताब भी उन्होंने लिखी है। उन्हें शायद पता होगा कि इस देश में हर साल ऐसे हजारों बच्चे आत्महत्या करते हैं, जो युद्ध का मैदान बना दी गई परीक्षा में खुद को हारा हुआ महसूस करते हैं। जबकि असल बात यह है कि परीक्षा को युद्ध बना देना सरकार की विफलता है और उससे भी बड़ी विफलता यह है कि बच्चों के सामने अंकों का महत्व उनकी जिंदगी से ज्यादा जरूरी बना दिया गया है। अगर श्री मोदी इस विफलता को समझते तो वे कांग्रेस की 99 सीटें लाने की तुलना 543 में 99 अंकों से नहीं करते।

यह सही है कि इंडिया गठबंधन को इस बार पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, लेकिन यह भी अकाट्य सत्य है कि इस बार के चुनावों में विपक्ष की सीटें बढ़ीं हैं और अगर इंडिया गठबंधन खरीद-फरोख्त का खेल करता तो शायद बहुमत का आंकड़ा पार कर लेता। लेकिन उसने जनादेश को स्वीकार किया, क्योंकि वह जानता है कि जनता ने उसे इस भरोसे के साथ सदन में भेजा है कि वह लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएगा। इसलिए राहुल गांधी ने यह कहा कि वे विपक्ष में बैठकर भी प्रसन्न हैं, क्योंकि उनके लिए सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण जनता की आवाज है। श्री मोदी कांग्रेस की 99 सीटों को बड़ी पराजय कहते हुए यह भूल जाते हैं कि कांग्रेस की सीटें इस बार बढ़ी हैं और भाजपा की सीटें कम हुई हैं।

दो घंटे से भी लंबे समय के अपने भाषण में श्री मोदी ने 2014 और 2019 के अपने कार्यकालों का जिक्र किया। सर्जिकल स्ट्राइक और घर में घुसकर मारने की बात की। राफ़एल के मुद्दे पर राहुल गांधी का मजाक उड़ाया। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर घोटालों के आरोपों का जिक्र किया। लेकिन उनके पूरे भाषण में काम की बातें तलाशना वैसा ही कठिन था जैसे भूसे के ढेर में सुई ढूंढना। नेहरूजी से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सब पर श्री मोदी ने आरोप लगाया। इतिहास की बातों को अपने हिसाब से तोड़ा मरोड़ा, बाबा अंबेडकर का नाम लेकर यह बताने की कोशिश की कि कांग्रेस ने उनका अपमान किया है। संविधान सिर पर लेकर नाचने जैसे शब्द बोलकर श्री मोदी ने फिर साबित किया कि उनके लिए सदन और चुनावी मंच में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कल के राहुल गांधी के बयान को हिंदू धर्म के अपमान की तरह पेश किया। अपने भाषण में कई बार कांग्रेसी शब्द बोलकर उन्होंने बता दिया कि सत्ता के 11वें साल में भी वे कांग्रेस से भयभीत ही हैं। श्री मोदी कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष पर हावी होने की कोशिश में दिखे, लेकिन जितने देर श्री मोदी बोलते रहे, विपक्ष के सांसद मणिपुर और नीट जैसे विषयों पर न्याय की आवाज बुलंद करते रहे। यानी मंगलवार के स्कोर बोर्ड में भी विपक्ष सरकार पर भारी ही नजर आया।

# अपनी रणनीति में सफल हुए राहुल

आज तो गर्दा उड़ा दिया', फ़ेसबुक की एक एक लाइन की टिप्पणी पर इस लेखक को जैसी और जितनी प्रतिक्रिया मिली वह बताती है कि विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी का पहला भाषण सफल रहा। राहुल गांधी संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उनका भाषण सौ मिनट का हुआ और लोकसभा चुनाव से जीवंत हुए विपक्षी खेमे में इस दौरान जो उत्साह दिखा वह तो उल्लेखनीय था ही, सत्ता पक्ष में जिस किस्म की हड़बड़ी दिखी उससे भी लगता है कि राहुल अपनी रणनीति में सफल हुए। इस भाषण के तत्काल बाद भाजपा की तरह से दो केन्द्रीय मंत्रियों और मुख्य पार्टी प्रवक्ता ने प्रेस कांफ्रेंस करके अपना पक्ष रखा या राहुल की बातों को काटने की कोशिश की। और फिर तो मीडिया मैनेजमेंट और भाजपा का प्रचार सेल तरह-तरह से हमले या राहुल की कमियां बताने के अभियान में जुट गया। पर जो जीवंतता संसद के अंदर दिखी वह टीवी चैनलों और अखबारों में भी झलकी और हर जगह राहुल को वह स्थान और प्रमुखता मिली जो आम तौर पर उनके हिस्से नहीं आती थी। यू-ट्यूब समेत सोशल मीडिया पर तो चुनाव के आसपास से ही राहुल और प्रतिपक्ष को एक किस्म की बढ़त रही है। वहां स्वाभाविक तौर पर इस भाषण ही नहीं इस सौ मिनट के पूरे तमाशे का शोर रहा।

राहुल के भाषण का कंटेन्ट भी बदला है, लेकिन सबसे ज्यादा उनका तरीका बदला है। अब यह पूरी तरफ मैच्योर और लाइन पर आ गया हो यह कहना कठिन है। कांग्रेस के जयपुर अधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने जबरदस्त भाषण दिया था, इस संसद में भी एक-दो बार उनका भाषण अच्छा हुआ है, लेकिन बाद के व्यवहार से उनका असर धुल गया। इस बार भी वे अगर हिन्दू समाज या भारतीय समाज में शांति, अहिंसा, निर्भयता जैसे गुण बताने के लिए तस्वीरें दिखाने जैसे काम न करते तो बेहतर प्रभाव होता। यह सब नाटक जैसा लगा। और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का यह टोकना भी काफी हद तक सही था कि अपने भाषण के काफी व्यक्त राहुल ने अध्यक्ष के आसन की तरफ पीठ भी दिखाई। विपक्ष के नेता को इतना तो आना ही चाहिए कि ए सारा सम्बोधन अध्यक्ष की तरह हो अपने साथियों की तरफ अलग से ध्यान देना जरूरी नहीं है। कुछ विषयों पर कम या ज्यादा जोर देने की बात भी की जा सकती है। दो दिन पहले आप नीट की चर्चा के लिए अभिभाषण रुकवाना चाहते थे लेकिन सौ मिनट के भाषण में उसकी चर्चा काफी कम थी।



अरविन्द मोहन

राहुल की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उन्होंने दूसरों के पिच पर खेलने की जगह अपनी पिच पर बैटिंग की। सरकार की तरफ से पहले बोलते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने आपातकाल और संविधान की बात की लेकिन राहुल ने सत्ता पक्ष के लोगों को बार-बार रूल बुक और संविधान दिखाने के लिए बाध्य किया पर उस चर्चा में नहीं गए।

राहुल की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उन्होंने दूसरों के पिच पर खेलने की जगह अपनी पिच पर बैटिंग की। सरकार की तरफ से पहले बोलते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने आपातकाल और संविधान की बात की लेकिन राहुल ने सत्ता पक्ष के लोगों को बार-बार रूल बुक और संविधान दिखाने के लिए बाध्य किया पर उस चर्चा में नहीं गए। उन्होंने अग्निवीर योजना, नीट परीक्षा में धांधली, किसानों को उचित मूल्य, मणिपुर, अध्यक्ष के भेदभावपूर्ण व्यवहार (जिसमें अपने माइक को बंद किए जाने का मसला भी था), भाजपा और संघ के हिन्दुत्व और सरकार की पूंजीपतियों के प्रति उदारता को निशाना बनाया और इस तरह बात रखी कि प्रधानमंत्री समेत पांच केन्द्रीय मंत्री बीच में दखल देने खड़े हुए। प्रधानमंत्री ने दो बार, अमित शाह और राजनाथ सिंह ने तीन-तीन बार और शिवराज चौहान, किरण रिजिजु और भूपेन्द्र यादव ने खड़े होकर दखल दी। वे राहुल के तीखे हमलों पर शांत न बैठ पाए। खुद अध्यक्ष ने दो बार लंबी सफाई दी पर बात साफ नहीं हुई। यही राहुल के प्रदर्शन का शीर्ष बिंदु है। शोर तो मचता ही रहा पर सत्ता पक्ष और प्रतिपक्षी बेंचों से उठने वाले शोर में फर्क था।

राहुल ने असली चमत्कार सीधे प्रधानमंत्री को भगवान बनाने वाली मानसिकता पर हमला करने के साथ उनके 'खौफ' को निशाना बनाकर किया। न चाहते हुए भी यहां गांधी के चंपारण आंदोलन की चर्चा लानी पड़ती है जिस पर इस लेखक ने काफी काम किया और सारे अध्ययन का लब्बोलुवाब यह था कि गांधी ने चंपारण के किसानों के अंदर से गोरी चमड़ी का डर भगा दिया। और यह चीज चंपारण तक रहने की जगह देश और दुनिया में सभी जगह पहुंची और अंग्रेजी साम्राज्य को विदा होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। राजनाथ सिंह द्वारा बाहर मुस्कुराकर नमस्कार करना पर सदन में प्रधानमंत्री की मौजूदगी के चलते नजर छुपाना और नितिन गडकरी द्वारा भी मोदी जी से खौफ खाने की बात की तो सबको लगा कि तीर निशाने पर है। पार्टी का अनुशासन एक चीज है, साझा जवाबदेही भी एक चीज है लेकिन भाजपा में मोदी युग में जो चल रहा है उसे इन दो बातों की जगह खौफ से ज्यादा बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। और जब भाजपा और उसके शीर्ष के लोगों में इतना खौफ बनाया जाए तो फिर शासन व्यवस्था, राजनीति, मीडिया और समाज में खौफ की बात करना/समझाना आसान हो जाता है। राहुल ने इससे भी ज्यादा मजेदार प्रसंग लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम करने का उठाया और कहा कि आप सदन के सर्वेसर्वा हैं, आपको किसी के आगे नहीं झुकना चाहिए। अध्यक्ष भी तत्पर थे और उन्होंने इसे तत्काल अपने संस्कार से जुड़ा बताकर अपनी जान छुड़ाई। राहुल का कथन सही है, उसे संस्कार की आड़ में नहीं छुपाया जा सकता। संयोग से राज्यसभा के अध्यक्ष का व्यवहार और ज्यादा पक्षपातपूर्ण दिखा।

अब शासक जमात और उसका बाहरी तंत्र अपने-अपने काम करता ही है और करेगा। कई सारे भक्त हमारे फेसबुक एकाउंट में भी निकल आए जबकि मैं बहुत सावधान होकर दोस्त बनाता हूं। कुछ टिप्पणियां मर्यादा की सीमा से नीचे की भी आईं। इस लेखक के लिए भी यह कोई नया अनुभव नहीं है पर राहुल गांधी के लिए ऐसे हमले झेलना बहुत पुराना है। कई बार वे सचेत ढंग से भारी मेहनत करके भी असफल हुए हैं तो कई बार अपनी छोटी गलतियों से अपने किए धरे पर खुद पानी फेरा है। उनकी पार्टी में तो उनको पलीता लगाने वालों की फौज ही रही है जो कभी साथ होती है कभी भाजपा में चल देती है। भारत यात्रा और इस बार के चुनाव ने उनको ताकत दी है और संभवत: मैच्यूरिटी भी। यह भाषण उसका ही प्रमाण है। लेकिन अभी दूसरों से ज्यादा उनको खुद अपनी परीक्षा में, विपक्ष के नेता की जिम्मेवारी वाली परीक्षा में और अपने दल को खड़ा करने की परीक्षा में खरा साबित करना होगा।

# स्पीकर चुनाव: मत विभाजन न कराकर क्या विपक्ष ने एक बड़ा अवसर खोया?

■ आलोक बाजपेयी

लोकसभा चुनाव के मिश्रित नतीजों के बाद से राजनीति में रुचि रखने वालों के लिए सबसे ज़्यादा जिज्ञासा का विषय यह था कि अठारहवीं लोकसभा की स्पीकर की कुर्सी पर कौन बैठेगा? पहले यह कयास लगे कि एनडीए के बहुमत के लिए ज़रूरी घटक दल ख़ासकर टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू इस पद को अपने पास रखने की शर्त रखेंगे। नीतीश कुमार और नायडू दोनों अपने दलों को संभावित टूट से बचाने के लिए यह पद भाजपा को सौंपने का खतरा नहीं मोल लेंगे। लेकिन मोदी 3.0 ने मंत्रिमंडल गठन में भी सभी महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा के पास रखकर और स्पीकर का पद भी भाजपा के लिए रखकर घटक दलों की आशाओं पर पानी फेर दिया। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में दूसरा पेंच तब आया जब संसदीय परंपरा की दुहाई देकर स्पीकर के चुनाव में समर्थन देकर अपने लिए डिप्टी स्पीकर की मांग कर रहे इंडिया ब्लॉक को मध्यस्थता कर रहे राजनाथ सिंह ने कोई आश्वासन नहीं दिया और इंडिया ब्लॉक ने नाराज़ होकर स्पीकर चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर दी और लगभग 46 साल बाद देश में लोकसभा अध्यक्ष हेतु चुनाव देखा।

यूं देखा जाए तो स्पीकर से पहले प्रोटेम स्पीकर के चुनाव से ही इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच तनातनी शुरू हो गई थी। इस पद पर सबसे वरिष्ठ सांसद को आसीन कर उन्हें सम्मान देने की परंपरा रही है। लेकिन इन दिनों चौतरफा आक्रमण झेल रहे मोदी-शाह की जोड़ी ने सिर्फ अपने आप को पहले की तरह मजबूत और सभी दबावों से ऊपर दिखाने के लिए प्रोटेम स्पीकर के पद पर भी सबसे वरिष्ठ आठ बार के सांसद कांग्रेस के के. सुरेश की बजाए भाजपा के भर्तृहरि महताब को आसीन किया। एक तरह से टकराव की शुरुआत होने भाजपा की ओर से होने के बाद विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष पद हेतु अपना स्टैंड रखने की सोची और पुरानी परंपरा के अनुसार डिप्टी स्पीकर का पद अपने लिए मांग लिया। यहां ध्यान रहे कि पिछली अर्थात सत्रहवीं लोकसभा में बहुमत के मद में भाजपा सुप्रीमो ने डिप्टी स्पीकर पद खाली ही रखा था और स्पीकर श्री ओम बिड़ला ने पूरी तरह मोदी -शाह के हितों के लिए ही काम करते हुए संसदीय मर्यादा के कई प्रतिमान ध्वस्त किए थे। वास्तव में बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन, निष्कासन और विपक्ष को बाहर कर लगभग बिना बहस के बिलों को पास कराने के आरोप उन पर लगे। यदि लोकसभा अध्यक्षों के इतिहास पर नज़र डाली जाए तो ओम बिड़ला का पहला कार्यकाल बहुत नीचे की पायदान पर आएगा। ज़ाहिर है, ऐसे में न तो विपक्ष और न ही एनडीए के घटक दल चाहते थे कि श्री बिड़ला की स्पीकर पद पर वापसी हो। शिवसेना सांसद श्री संजय राउत ने तो यहां तक कहा कि श्री ओम बिड़ला ने एक साथ सौ से अधिक सांसदों को निलंबित कर दिया था और ऐसा लोकतंत्र विरोधी कदम तो इमरजेंसी में भी नहीं उठाया गया था। लेकिन, अठाहरवीं लोकसभा के संख्या बल की चुनौतियों को समझ रहे नरेन्द्र मोदी ने अपने जाने-परखे व्यक्ति पर ही भरोसा जताया। इसका नतीजा यह निकला कि संसद के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब चुने गए लोकसभा अध्यक्ष के स्वागत भाषण में सांसदों ने ख़ूब उलाहने और भविष्य में संतुलन बनाकर काम करने की ताक़ीद ज़्यादा दी गई।

दीपेंद्र हुड्डा के साथ कठोर व्यवहार से विपक्ष की आंखें खुल गई हैं। विपक्ष के नेता खुलकर अघोषित इमरजेंसी और श्री बिड़ला के एकतरफा व्यवहार का मुद्दा उठा रहे हैं। श्री हुड्डा के कथित अपमान के राजनीतिक दोहन की भी तैयारियां हैं। विपक्ष की रणनीति यह दिखती है कि सदन के भीतर बिड़ला जी विपक्षी सांसदों को भड़काकर उनके खिलाफ़ कार्यवाही का मौका ढूंढ रहे हैं तो उनका विरोध उन नेताओं से कराया जाए तो सदन में हैं ही नहीं। इसी रणनीति के तहत प्रवक्ताओं ने श्री बिड़ला और मोदी सरकार पर खुलकर हमला बोला है।

लेकिन उन सारे उलाहनों से इस सच्चाई पर कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि तमाम विरोधों के बाद भी मोदी-शाह अपनी पसंद का स्पीकर चुनने में क़ामयाब रहे। इंडिया ब्लॉक के हिस्से स्पीकर चुनाव में सिर्फ़ यह आया कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में श्री राहुल गांधी प्रधानमंत्री के साथ उन्हें आसंदी तक छोड़ने गए और उनसे हाथ मिलाया। जबकि जिस ढंग से विपक्ष ने स्पीकर चुनाव को निर्विरोध ना होने देने के लिए टाल ठोंकी थी या कहें कि उन्हें ताल ठोंकने के लिए मजबूर किया गया था, उसे देखते हुए लग नहीं रहा था कि सब कुछ इतनी आसानी से हो जाएगा। कांग्रेस के उम्मीदवार श्री के. सुरेश के दलित होने से उन्हें कुछ अतिरिक्त लाभ की उम्मीद थी। जब सारा देश क़यास लगा रहा था कि के. सुरेश कितनी कड़ी टक्कर दे पाएँगे या क्या उन्हें नीतीश-नायडू का साथ भी मिल सकेगा, तभी दो दिक्कतें इंडिया ब्लॉक के सामने आईं। पहली तकनीकी थी। प्रोटेम स्पीकर के चयन में भाजपा की मनमानी का विरोध करने के लिए सात निर्वाचित सांसदों ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ नहीं ली थी। लेकिन जिस वक्त शपथ नहीं ली थी उस समय किसी को स्पीकर पद हेतु चुनाव का अंदाज़ा नहीं था। बिना शपथ के ये सांसद चुनाव में भाग लेने के पात्र नहीं थे और इस तरह विपक्ष का संख्या बल थोड़ा कम हो गया।

स्पीकर चुनाव के लिए इंडिया ब्लॉक की मुहिम को अच्छा समर्थन मिला था और कुछ राजनीतिक विश्लेषक तो गुप्त मतदान होने की सूरत में अप्रत्याशित नतीज़ो की संभावना भी देखने लगे थे। चुनाव हार जाने की सूरत में भी सरकार को स्पष्ट विरोध का संदेश तो मिलना ही था। लेकिन संभवत: तभी श्री राहुल गांधी के सलाहकार सक्रिय हुए और उन्हें शुरुआत सकारात्मक समन्वय और सामंजस्य की राजनीति से करने इत्यादि के पक्ष में मनाया जाने लगा। श्री राहुल गांधी एक बार फिर अपने प्रतिद्वंदियों की फितरत समझे बिना अपने सलाहकारों की बातों में आ गए और बिना मत विभाजन के मांग के सिर्फ ध्वनि मत से स्पीकर के चुनाव के लिए तैयार हो गए। हुआ भी ऐसा ही और देश में सबसे ज़्यादा विपक्ष विरोधी लोकसभा अध्यक्ष कहे जाने वाले श्री ओम बिड़ला लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने का गौरव पा गए।

इतने जोर शोर से ऐलान के बाद कांग्रेस बिना वोटिंग के स्पीकर का चुनाव हो जाने देगी, इस बात पर सहज यक़ीन करना मुश्किल था। ध्वनि मत से श्री बिड़ला के चुने जाने की घोषणा के बाद मत विभाजन की मांग की आवाज़ भी सुनाई दी। मज़े की बात यह है कि सबसे पहले किसी विपक्षी सांसद नहीं बल्कि एनडीए के घटक दल जेडीयू के सांसद लल्लन सिंह ने पूछा कि क्या वोटिंग नहीं होगी? यह भी इस बात का संकेत करता है कि यदि गुप्त मतदान होता तो श्री बिड़ला के व्यवहार को पसंद न करने वाले कुछ सांसद क्रॉस वोटिंग कर सकते थे। वहां टीएमसी के सांसद अभिषेक बैनर्जी ने तो प्रोटेम स्पीकर पर आरोप ही लगा दिया कि उन्होंने मांग करने पर भी मत विभाजन नहीं होने दिया। इस पर कांग्रेस के जयराम रमेश ने स्पष्ट कहा कि सकारात्मक राजनीति से शुरुआत करने के लिए कांग्रेस ने मत विभाजन की मांग की ही नहीं थी। इंडिया ब्लॉक के दो महत्वपूर्ण नेताओं का इस तरह अलग-अलग बयान देना कहीं न कहीं रणनीति और आपसी संवाद की कमज़ोरी की ओर इशारा करता है। ज़ाहिर है नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभाने के लिये राहुल गांधी को ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचना होगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के भाषण में जिस सकारात्मक, समन्वय वाली और समावेशी राजनीति की बात से प्रभावित होकर और अपने सलाहकारों की बातों में आकर राहुल गांधी ने मत विभाजन का अवसर गंवाया, उसकी असलियत कुछ ही घंटों में सामने आ गई। कोई पचास साल पहले लगाई गई इमरजेंसी के खिलाफ़ निंदा प्रस्ताव स्वयं नव निर्वाचित स्पीकर लेकर आए। सदन के भीतर और बाहर इमरजेंसी को लेकर सत्ता पक्ष विपक्षी दल की तरह तेवरों के साथ प्रदर्शन करता रहा। डिप्टी स्पीकर पद को लेकर भी कोई स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं है।

जिस तरह से भाजपा आलाकमान का पूरी तरह अनुसरण करने वाले स्पीकर महोदय पहले ही दिन से इमरजेंसी पर निंदा प्रस्ताव लाने के साथ ही स्कूल के हेडमास्टर के अंदाज़ में विपक्षी सांसदों को धमकाया कि स्पीकर खड़े हो जाए तो सदस्यों को बैठ जाना चाहिए और ये बात उन्हें पांच साल में दोबारा न कहनी पड़े, उससे विपक्ष के श्री बिड़ला द्वारा पहले दिये गये घाव हरे हो गए। उन्हें याद आ गया कि श्री बिड़ला के नाम एक सत्र में सर्वाधिक लगभग 146 सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड है। बार-बार विपक्षी सांसदों के माइक बंद करने, एक घंटे से भी कम चर्चा में बिल पास कराने और बिना विपक्ष की उपस्थिति के बिल पास कराने जैसी सारी पुरानी बातें याद आ गईं। इतना ही नहीं दूसरे दिन भी पांच बार के सांसद और इस बार लगभग साढ़े तीन लाख मतों की मार्जिन से जीते सर्वथा अच्छे व्यवहार के लिए पहचाने जाने वाले सांसद श्री दीपेंद्र हुड्डा को बुरी तरह फटकार कर श्री बिड़ला ने संकेत दे दिया कि वे विपक्षी सांसदों पर कार्यवाही का कोई मौका चूकेंगे नहीं। ज्ञातव्य है कि पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने भाजपा के एक भी सांसद, यहां तक कि संसद भवन में अपशब्द कह देने वाले भाजपा सांसद के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की थी। इसी तरह नई लोकसभा की शपथ के समय संविधान की भावना के विपरीत जय हिंदू राष्ट्र का नारा लगाने वाले भाजपा सांसद पर वे खामोश रहे और श्री शशि थरूर द्वारा जय संविधान का नारा लगाने पर भड़क गए। निश्चय ही पहले दो दिन में जो ट्रेलर दिखा है, उसके कई एपिसोड आने वाले दिनों में दिखेंगे और हर ऐसी घटना के बाद विपक्ष सोचने पर मजबूर होगा कि बिना मत विभाजन चुनाव का निर्णय ग़लत था।

दीपेंद्र हुड्डा के साथ कठोर व्यवहार से विपक्ष की आंखें खुल गई हैं। विपक्ष के नेता खुलकर अघोषित इमरजेंसी और श्री बिड़ला के एकतरफा व्यवहार का मुद्दा उठा रहे हैं। श्री हुड्डा के कथित अपमान के राजनीतिक दोहन की भी तैयारियां हैं। विपक्ष की रणनीति यह दिखती है कि सदन के भीतर बिड़ला जी विपक्षी सांसदों को भड़काकर उनके खिलाफ़ कार्यवाही का मौका ढूंढ रहे हैं तो उनका विरोध उन नेताओं से कराया जाए तो सदन में हैं ही नहीं। इसी रणनीति के तहत प्रवक्ताओं ने श्री बिड़ला और मोदी सरकार पर खुलकर हमला बोला है। ज़ाहिर है अठारहवीं लोकसभा का हनीमून पीरियड शुरू होने के साथ ही समाप्त हो चुका है और आने वाले दिनों में सरकार और विपक्ष के बीच लगातार हर संभव मौके पर तनातनी के आसार हैं। रोचक रहने वाले हैं आने वाले सत्र, इसके पहले की दो लोकसभाओं से ठीक उलट।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक एवं संस्कृतिकर्मी हैं। )**

## पावन प्रसंग

# बच्चों का शिक्षित होना जरूरी

व्यक्तित्व का निर्बल होना व प्रभावहीन होना स्वयं के लिए और समाज के लिए घातक है, क्योंकि निर्बल व्यक्ति न स्वयं कुछ करने में समर्थ है और न समाज में कुछ करने की सामर्थ्य रखता है। निर्बल और प्रभावहीन व्यक्ति सदा कुटिल एवं स्वार्थी लोगों का शिकार बनता है। इस निर्बलता और प्रभावहीनता का कारण अज्ञान है और इस अज्ञान के पीछे अशिक्षा है। मनुष्य अशिक्षा के कारण संसार के क्रियाकलापों से अपरिचित रहता है। ऐसा व्यक्ति न अपने आप को अभिव्यक्त कर पाता है और न दूसरे को समझ सकता है। यह महान पुरुषों के विचारों और अनुभवों का लाभ लेकर न अपना जीवन निर्माण कर सकता है और न दूसरों को उनका लाभ दे सकता है। कहना चाहिए, जीवन का सच्चा आनंद लेना है तो मनुष्य को शिक्षित होना चाहिए।

इस शिक्षा का शुभारंभ बचपन से होता है। तीन-चार वर्ष की आयु में बच्चा जब शिक्षा आरंभ करता है, तब उसमें निजी समझ का अभाव रहता है। इसी कारण वह स्वयं प्रेरित होकर शिक्षा नहीं लेता है। यदि जबरन पढ़ने के लिए उसे बैठाया भी गया तो वह उसमें रुचि नहीं लेता बल्कि वह इसके स्थान पर अपने सहज स्वभाववश खेल खेलना पसंद करता है; क्योंकि पढ़ाई उसके लिए सर्वथा नई बात है। लेकिन धीरे-धीरे अध्यापक और अभिभावक के प्रेरणा से बच्चों में पढ़ाई की ओर आकर्षण होने लगता है। इस काल में दोनों सतर्कतापूर्वक बालक की पढ़ाई पर ध्यान रखते हैं, तब कहीं बालक की पढ़ाई की बात पकड़ पाता है। जैसे ही बालक पढ़ाई के संबंध में रुचि लेना प्रारंभ कर देता है तो घरों में अभिभावक बालक की पढ़ाई की ओर ध्यान देना बंद कर देता है। वे इस ओर असावधान एवं उदासीन हो जाते हैं। इसका प्रभाव बालक की पढ़ाई में पड़ता है। उसकी पढ़ाई की गति मंद हो जाती है। संभव है कि उसका ध्यान इधर-उधर भी भटक सकता है। जिससे वह बालक आगे जाकर पढ़ाई में ही मंद न होकर अन्य उलटे-सीधे मार्ग पर जाकर अपना जीवन बर्बाद कर सकता है। इधर स्कूलों में अध्यापक भी ऐसे बच्चे के प्रति उदासीन हो जाते हैं। यहां भी जब बालक ढील देखता है तो उसे इधर-उधर भटकने के अवसर मिलते हैं और उसकी पढ़ाई के स्तर में तो कमी आती ही है।

यदि बालक ने प्रारंभिक अवस्था में पढ़ाई की चाल पकड़ भी ली है तो अभिभावक और अध्यापक बच्चे का तब तक पीछा नहीं छोड़ें जब तक बालक में स्वयं की समझ न आ जाए। हमेशा बालकों में पढ़ाई के प्रति अभिरुचि बनाए रखने के लिए उन्हें अपना समय देते रहना चाहिए जिससे उनकी पढ़ाई की गति में अवरोध उत्पन्न न होने पाए। जब तक बालक पढ़ाई में रंग न जाए तब अभिभावक घर पर प्रतिदिन घंटा- आधा घंटा उसकी पढ़ाई लिखाई के लिए दिया करें अपने स्कूल में क्या काम किया है तथा कौन सा काम नहीं किया है। उसकी मात्र जानकारी ही न रखे बल्कि संबंधित समस्या का समाधान भी करें। कभी-कभी पढ़े हुए कुछ प्रश्न पूछकर यह मालूम करने का प्रयत्न करें कि बच्चे ने जो पढ़ा है, वह समझा है या नहीं तथा याद है कि नहीं। उसने गृहकार्य को जंचवाया है या नहीं, इसके संबंध में जानकारी लेने के साथ-साथ कापियों में आई गलतियों की ओर भी बालक का ध्यान आकर्षित करते रहना चाहिए। अच्छा हो गलतियों को सुधारने के लिए अभ्यास दे देवें ताकि उन्हें दोहरा न पाए।

इस प्रकार के निरीक्षण को बालक समझ लेता है तो वह सतर्क हो जाता है और विद्यालय के कार्य को भी बराबर करेगा। यही नहीं, वरन पढ़ाई की ओर उसकी अभिरुचि बढ़ती जाएगी।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# बाढ़ से प्रति वर्ष लाखों लोग बेघर, बेसहारा

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है। देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानि की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की है। शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फलस्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है। देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 लोग प्रतिवर्ष काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे।

ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियों, पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फलस्वरुप होने वाला है। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनियों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी-नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कांक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

**संजीव ठाकुर**

टीवी चैनल द्वारा किया गया उद्यमियों का सम्मान

# समिट में लघु और सूक्ष्म उद्योगों के विकास पर भी होगी चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के लघु उद्यमियों की सहायता के लिए राज्य शासन तत्पर है।लघु और सूक्ष्म उद्योगों के विकास पर रीजनल इन्वेस्टर्स समिट में चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। इस माह जबलपुर में हो रही समिट में उद्योग के नवीन क्षेत्रों में निवेश को आमंत्रण दिया जाएगा। खनन आधारित उद्योगों, ग्रामीण कुटीर उद्योगों और रेडीमेंट गारमेंट उद्योग के विकास की काफी संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए क्षेत्र चिन्हित कर लघु उद्योगों की स्थापना की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एनडी टीवी चैनल की ओर से स्थानीय होटल मैरियट में एमएसएमई समिट एवं उद्यमियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर चैनल की तरफ से स्थानीय संपादक श्री अनुराग द्वारी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि एक समय उन्होंने उज्जैन में चाय-नाश्ते की होटल का संचालन करते हुए एक व्यवसायी की भूमिका निभाई है। किसी भी कार्य व्यवसाय को परिश्रम और संयम के साथ साफ-सुथरे ढंग से संचालित कर आत्मनिर्भर होने की भावना किसी भी व्यवसायी या उद्यमी को जीवन में सफलताएं दिलवाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मंत्रीगण द्वारा आयकर की राशि जमा किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। आज विधानसभा में राज्य सरकार के इस निर्णय का सदस्यों द्वारा मेजें थपथपाकर स्वागत किया गया। स्पीकर श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने विशेष उल्लेख कर इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने स्वयं भी इनकम टैक्स खुद जमा करने के संकल्प से अवगत करवाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वे भी अपना आयकर स्वयं जमा करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में टोल नाकों से जुड़ी व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसी तरह एक महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश में पेपर लीक के मामलों में दोषी व्यक्ति को दस वर्ष की सजा का निर्णय लिया गया है। विधान सभा में किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सदैव चर्चा के लिए तैयार हैं। माननीय सदस्यों द्वारा संयम और मर्यादा से सभी नियमों के पालन के प्रति गंभीर रहते हुए व्यवहार किया जाना चाहिए।मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने एमएसएमई समिट में श्री राहुल पांडे, श्री रोहित सोमानी, श्री अर्पित जैन और अन्य उद्यमियों का सम्मान किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया गया।

## गौवंश परिवहन और ट्यूब वेल खुला छोड़ने वालों को नहीं बख्शेंगे

*__भोपाल, देशबन्धु।__ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों के कल्याण और उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़ने से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। निरंतर लिए जा रहे ऐसे फैसलों से विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्था से जुड़े आवश्यक सुधार भी हो रहे हैं, इस क्रम में विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरू का संबोधन देने का निर्णय लिया गया। इस संबोधन में आत्मीयता, स्नेह और सम्मान का भाव भी निहित है। राज्य मंत्री परिषद द्वारा इन निर्णय का अनुमोदन किया गया।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज टीवी चैनल प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि जुलाई माह में ही गुरू पूर्णिमा पर्व भी आ रहा है। मध्यप्रदेश में कुलपति को कुलगुरू बनाने के निर्णय के संबंध में अन्य राज्यों द्वारा भी जिज्ञासा व्यक्त करते हुए इस निर्णय का प्रारूप चाहा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गोवध की मंशा से गौवंश के परिवहन का अवैध कृत्य करने वाले वाहन कई बार न्यायालय से छूट जाते हैं। नियमों के उल्लंघन पर पकड़े गए वाहनों के प्रकरण में वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। वाहन जब्त होंगे, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि ट्यूब वेल खनन के बाद बिना ढक्कन के खनन स्थल होने से छोटे बच्चों की असामयिक मृत्यु का कारण बन जाते हैं। ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। प्राय: बच्चों को बचाया जाना मुश्किल होता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोषी लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर दर्ज करने और जुर्माना लगाने की कार्रवाई करेंगे। ट्यूब वेल खनन के बाद उसे छोड़ देने वाले व्यक्तियों की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।*

## सरकार ने बहुमत के जोर पर तीनों आपराधिक कानून लागू किए : पटोले

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। साथ ही उन्होंने पोर्टल चलाने वाली प्राइवेट एजेंसी को लेकर भी सरकार को घेरा। वहीं, प्रदेश के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर उन्होंने युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। देश भर में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने बहुमत के जोर पर तीनों कानून को लागू किया है। संसद में इस पूरी प्रक्रिया के दौरान विपक्ष के तकरीबन 165 सांसदों को निलंबित किया गया था। नाना पटोले ने प्राइवेट पोर्टल को भ्रष्टाचार का केंद्र बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जो प्राइवेट पोर्टल लाए हैं, उसे बंद कराना चाहिए। पोर्टल के कारण ही बच्चों का सबसे ज्यादा नुकसान होता है। नीट भी इसी खेल का हिस्सा है, जिसमें पेपर लीक का मामला सामने आया है। राज्य हो या देश, हर जगह नौकरी को लेकर बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। पोर्टल ही परीक्षा लीक होने की मुख्य वजह है। देवेंद्र फडणवीस पर हमला बोलते हुए नाना पटोले ने कहा कि फडणवीस ने राज्य के युवाओं को गुमराह करने का काम किया है। राज्य में जो भी प्राइवेट पोर्टल हैं, जिसके तहत सरकारी परीक्षा ली जाती है, और नौकरी भर्ती का सारा खेल होता है, उसे सरकार को बंद करना चाहिए। राज्य में एक लाख सरकारी नौकरी भरने का दावा जो देवेंद्र फडणवीस कर रहे हैं, वह झूठा है। कई जगहों पर पद अभी भी खाली हैं, भर्ती होने बाकी है। लोनावाला में हुए भूसी डैम हादसे को लेकर पटोले ने कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा में रखा गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**हाथरस में मौत का..... के मुताबिक, सत्संग में हिस्सा लेने पहुंचे 125 से अधिक लोगों की** एक भगदड़ में मौत हो गई है। मृतकों की आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मरने वाले में बच्चे और महिलाएं भी शामिल है। घायलों को बस-टैंपों में लादकर जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां भगवान शिव का धार्मिक आयोजन किया गया था। आयोजन के समाप्त होते ही भगदड़ मच गई, जिससे महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए। मृतकों के शव एटा मेडीकल कॉलेज पहुंचाई गई है। घायल बच्चों और महिलाओं को इलाज के लिए एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। मृतकों में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार सहित कुछ अन्य राज्यों के श्रृद्धालु पहुंचे थे।

**सतसंग में जुटी थी....** हालांकि इस सत्संग के आयोजन की जानकारी प्रशासन को थी, लेकिन सत्संग में पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या कुछ और बताई गई थी। लेकिन सत्संग में जरूरत ज्यादा करीब सवा लाख श्रद्धालु पहुंच गए। सत्संग में पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या को देखकर एलआईयू ने किसी बड़ी घटना का अंदेशा जताया और इसकी रिपोर्ट बनाकर अफसरों को सौंप दी। इसके बाद भी अफसरों ने संज्ञान नहीं लिया। इस बीच भीषण गर्मी के चलते सत्संग में पहुंचे श्रद्धालुओं की धीरे-धीरे तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई।

तीन घंटे तक चले इस सत्संग में देखते ही देखते कई श्रद्धालु बेहोश होकर गिर गए। जैसे ही सत्संग खत्म हुआ तो श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। भगदड़ में महिलाओं, बच्चों समेत कई लोग दब गए। श्रद्धालुओं के पैरों के नीचे दबकर 107 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जैसे ही भगदड़ और श्रद्धालुओं की इतनी तादाद में मरने की खबर अफसरों को लगी तो फौरन मौके की तरफ दौड़ पड़े।

सीएम योगी ने हाथरस हादसे को संज्ञान में लेते हुए तुरंत अफसरों को मौके पर पहुचंने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम योगी ने एडीजी आगरा जोन और अलीगढ़ की कमिश्नर को हादसे की संयुक्त जांच की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। सीएम का आदेश पाते ही चीफ सेक्रेटरी से लेकर एडीजी, कमिश्नर मौके लिए रवाना हो गए।

**हवलदार की नौकरी छोड़....** नौकरी में रहते हुए बाबा वर्दी में ही प्रवचन देने लगता था। पूरे महकमे में इस कारण वह चर्चा में आ गया था। आखिरकार जब उसने नौकरी छोड़ी तब भी सूट-बूट में ही मंच पर आता है। उसके अनुयायी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी है।

**संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों....** लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है।' खत में राहुल गांधी ने आगे केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा, मैं अनुराग ठाकुर के भाषण की ओर भी ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं, जिनका भाषण आरोपों से भरा था, हालांकि, आश्चर्यजनक रूप से केवल एक शब्द हटाया गया। आपके प्रति उचित सम्मान के साथ, यह चयनात्मक निष्कासन तर्क को धता बताता है। मैं अनुरोध करता हूं कि कार्यवाही से हटाई गई टिप्पणियों को बहाल किया जाए।

अंश हटाए जाने पर राहुल गांधी ने प्रतिक्रियाएं दी। मीडिया से बात करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है। लेकिन, हकीकत में सच्चाई को मिटाया नहीं जा सकता। जो मैंने कहा और जो मुझे कहना था, मैंने कह दिया, वह सच्चाई है, अब उन्हें जो मिटाना है मिटाएं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से बुधवार को लोकसभा में नीट मुद्दे पर बहस कराने का अनुरोध किया है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा है कि मेरा मानना है कि छात्रों के हित में नीट मुद्दे पर बहस का नेतृत्व करना उचित होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पत्र में लिखा है कि हमारा उद्देश्य 24 लाख नीट उम्मीदवारों के हित में रचनात्मक रूप से जुड़ना है, जो जवाब के हकदार हैं। मेरा मानना है कि यह उचित होगा कि आप इस बहस का नेतृत्व करें। आशा है कि यह पत्र मिलने तक आप सकुशल होंगे। मैं नीट मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध करने के लिए लिख रहा हूं। जैसा कि आप जानते हैं, 28 जून को संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर बहस के विपक्ष के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। विपक्ष ने इस मुद्दे पर दोबारा चर्चा कराने का अनुरोध किया था। माननीय लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को आश्वासन दिया था कि वह इस मुद्दे पर सरकार से चर्चा करेंगे।

**नर्सिंग घोटाले पर हुई.....** चर्चा से इनकार किया था, वहीं विपक्ष इस मामले में दिए गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अड़ गया था। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदस्यों को आश्वस्त किया था कि वे नियमानुसार चर्चा कराएंगे। इस पर सत्तापक्ष ने भी अपनी सहमति जताई थी। इसलिए आज इस मुद्दे को ध्यानाकर्षण में शामिल किया गया था।

सदन में आज उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, जयवर्धन सिंह और लखन घनघोरिया की ध्यानाकर्षण की सूचना पर आज कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर चर्चा हुई। उपनेता हेमंत कटारे ने चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि फर्जी नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई है। जिस रजिस्ट्रार को गलत तरीके से नियुक्ति किया था उसे सिर्फ दिखावे के लिए बर्खास्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चिकित्सा शिक्षा मंत्री रहते विश्वास सारंग के समय एक वर्ष में 219 कॉलेज खोले गए। कोविड काल में यह सारा खेल हुआ। उप नेता प्रतिपक्ष मंत्री विश्वास सारंग को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग करते हुए कहा कि वह मंत्री पद रहते हुए जांच प्रभावित कर सकते हैं।

**असम में बाढ़ से....** डिब्रूगढ़ जिले से 13 मछुआरों को सेना ने बचाया है। एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि ब्रह्मपुत्र समेत 13 प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके चलते कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुरोध पर डिब्रूगढ़ के हटिया अली इलाके से मछुआरों को बचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि एएसडीएमए ने वायु सेना से अनुरोध किया कि 13 मछुआरों को बचाने में मदद करें। वहीं, एयरलिफ्ट से लोगों को बचाने में जो भी खर्चा आएगा वो भी खुद एसडीएमए ही उठाएगा।

**केजरीवाल की याचिका पर....** सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। पिछले हफ्ते तिहाड़ जेल में केंद्रीय एजेंसी की ओर से सीएम केजरीवाल से पूछताछ किए जाने के बाद उन्हें विशेष अदालत में पेश करने की सीबीआई को अनुमति दी गई थी। हाल ही में, दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में सीएम केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मई में सीएम केजरीवाल की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें उन्होंने शराब नीति मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें 21 दिन की अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

**हिंडनबर्ग ने सेबी के नोटिस....** नोटिस पर क्या प्रतिक्रिया दी है? हिंडनबर्ग ने कहा है कि हमारी ओर से किए गए खुलासों के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सेबी मामले में तथ्यात्मक अशुद्धियों की पहचान करने में विफल रहा। इसके बजाय भारतीय नियामकों की ओर से धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए और इस मामले में हमारी ओर से एक व्यक्ति के हवाले यह कहने पर कि 'सेबी भ्रष्ट है और नियमों को शिथिल कर अडानी समूह को मदद कर है को स्कैंडल बता दिया। अडानी समूह पर आरोप लगाते हुए शॉर्ट सेलर ने कहा, आज तक, अडानी समूह हमारी रिपोर्ट में लगे आरोपों को गलत साबित करने में विफल रहा है। इसके बजाय हमारी ओर से उठाए गए हर प्रमुख मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए मीडिया में हमपर आरोप लगाकर हमें झुठलाने की कोशिश की गई।


**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा), जिला छतरपुर (म.प्र.)**

E-mail Id-chhatarpur.rmsa@gmail.com Ph No.07682-248224

**विज्ञापन नमूना**

क्रमांक/समग्र शिक्षा/2024/6234 छतरपुर दिनांक 28.06.2024

समग्र शिक्षा अभियान एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भोजन, चाय, नाश्ता, प्रिटिंग, स्टेशनरी, टेन्ट, पुरुस्कार, माईक/साउण्ड, एल.ई.डी. वॉल एवं स्क्रीन, पानी, खेल सामग्री, लाईट/जनरेटर व्यवस्था, एल.ई.डी.वॉल एवं स्क्रीन एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु कुटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय छतरपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर 500/- (पांच सौ रुपये) नगद जमा कर निर्धारित फार्म एवं आवश्यक शर्ते प्राप्त कर सकते है। उक्त फार्म भरकर धरोहर राशि 5000/- (पांच हजार रुपये) का ड्राफ्ट संलग्न कर दिनांक 21.07.2024 को समय दोपहर 2.00 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करायें। उक्त अवधि पश्चात निविदा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 21.07.2024 को सायं 4.00 बजे निर्धारित समिति के समक्ष खोली जावेगी।

**जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**जिला परियोजना समन्वयक ( समग्र शिक्षा )**
**जिला छतरपुर ( म.प्र. )**

**जी-12812/24**



**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सृष्टि दांगी (SHRASTI DANGI) पुत्री श्री राम अवतार दांगी, निवासी- ग्राम पाटई, पोस्ट रामपुर, तह. रहली जिला सागर (म.प्र.), मेरा घर का नाम हेमलता दांगी है, पिता रामअवतार दांगी है। जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम सृष्टि दांगी (SHRASTI DANGI) जो सही है एवं मेरे शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम सृष्टि दांगी दर्ज है, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हेमलता दांगी दर्ज है जो कि घर का नाम है। हेमलता दांगी एवं सृष्टि दांगी (SHRASTI DANGI) दोनों ही नाम मेरे है अतः मुझे सृष्टि दांगी (SHRASTI DANGI) के नाम से ही भविष्य में जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचनाकर्ता**
**सृष्टि दांगी (SHRASTI DANGI)**
**निवासी- ग्राम पाटई, पोस्ट रामपुर,**
**तह. रहली जिला सागर (म.प्र.)**



**CHANGE OF NAME & DOB**

I , LAKSHMI IS MOTHER OF ARMY NO - 4585278X NK NAME KHANDARE VAIBHAV GUNAJI SERVING IN 19 MAHAR REGT C/O 99 APO HOME ADDRESS AT - BHAGORA , POST - ANBHORA , TQ - MURTIZAPUR, DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN - 444107 I HAVE CHANGED MY NAME FROM LAKSHMI TO LAXMIBAI GUNAJI KHANDARE AND CHANGED MY DOB FROM 28/06/1955 TO 04/05/1951 IN MY ALL DOCUMENTS INCORRECT NAME & DOB LAKSHMI 28/06/1955CORRECT NAME & DOB LAXMIBAI GUNAJI KHANDARE 04/05/1951



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 1411/स.अ./ आवंटन/ सागर/2024 दिनांक 02.07.2024

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी डॉ. हरिसिंह गौर नगर सागर में स्थित क्रमांक एच.आई.जी. बी 35 मंडल द्वारा श्री मुहम्मद आरिफ कुरेशी पिता श्री मुहम्मद हारुन कुरेशी को आवंटित किया गया था। जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा दिनांक 14.08.2023 को निष्पादित कराया गया। श्री मुहम्मद आरिफ कुरेशी पिता श्री मुहम्मद हारुन कुरेशी द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 18.04.2024 के माध्यम से श्री संतोष कुमार मिश्रा पिता श्री बाबूलाल मिश्रा को विक्रय किया। श्री संतोष कुमार मिश्रा पिता श्री बाबूलाल मिश्रा द्वारा उक्त भवन स्वयं के नाम से नामांतरित/हस्तांतरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज/शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तांतरण/नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**



**न्यायालय नजूल तहसीलदार पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)**

रा.प.क्रं./.. अ-6/वर्ष 2024-25 पन्ना, दिनांक 01.07.2024

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

आवेदक रामरुप तिवारी पिता स्व.श्री बैजनाथ तिवारी निवासी रामगंज वार्ड क्रमांक 06 मोहल्ला टिकुरिया पन्ना के द्वारा समक्ष नोटरी व्यवहार पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.) के द्वारा दस्तावेज वसीयतनामा (अंतिम इच्छा पत्र) दिनांक 03.09.2022 वसीयत नामांतरण के आधार पर नजूल सर्वे शीट क्रमांक एन.ई. 3/2 सी मोहल्ला टिकुरिया पन्ना के भूखण्ड क्रमाक 129 क्षेत्रफल 122.75 वर्गमीटर रामकृपाल तनय बेनीप्रसाद लटौरिया सा. पन्ना के नाम नजूल जांच रजिस्टर में दर्ज अभिलेख है जो खसरा नं. 2671 का अंश भाग है, जिसका भवन क्रमांक 599/1 है। जिसका वसीयत नामांतरण कराये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र नजूल अधिकारी पन्ना के न्यायालय में पेश किया गया है, जो नियमानुसार कार्यवाही एवं जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन की विषयवस्तु से संबंधित यदि किसी आम/खासजनों को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.07.2024 तक न्यायालयीन समय पर इस न्यायालय में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अधिवक्ता या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकता है वाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सी.एम. सोनी**
**नजूल तहसीलदार पन्ना जिला पन्ना ( म.प्र. )**



**CHANGE OF NAME**

I , SONABAI LAMANI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4587838X L/NK NAME MOTILAL BHILAPPA LAMANI POSTING IN 30 RR (MAHAR )HOME ADDRESS : VILL -GEDDALAMARI , PO - HADALGERI , TEH - MUDDEBIHAL , DIST - BIJAPUR , STATE - KARNATAKA, PIN -586245 I HAVE CHANGED MY NAME FROM SONABAI LAMANI TO SONABAI MOTILAL LAMANI IN MY ALL DOCUMENTS AND ALSO MY HUSBAND DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 03/07/2024 BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP



**SUPERINTENDING ENGINEER (O&M)**
**M.P.POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD. PANNA**

No. EEP/PUR/TS/24-25/815 Panna dt. 01.07.2024

**Notice Inviting Tender**

Online tenders are invited Tender for Hiring of 1 No Bolero Jeep or equivalent Vehicle of latest model maximum three year old Vehicle for pool activity of AE Panna subdivision under PANNA Circle. The bid seals will be received online on the e-portal www.mptenders.gov.in,http:// www.mpez.co.in up to date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule (key date). If desired, the bidder or their duly authorized representatives may remain present at the time of opening of tender: -

| Sr. No. | Tender Specification No. | Name of the Work/Services | Approx. Value (In INR) | Tender fees (In INR) | EMD (In INR) | Due date of opening of tender online from 14:30 Hrs.* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SEP/PUR/TS/ 24-25/815 dt.01-07-2024 (E-Tender No. 2024_PKVVC_ 354648_1) | Tender for Hiring of 1 No Bolero Jeep or equivalent Vehicle of latest model maximum three year old Vehicle for pool activity of AE Panna subdivision under PANNA Circle. | 3.00 Lakhs | 500/- Fees 60/- GST Total 560/- | 3000/- | 09.07.2024 |

*For updated extended due dates for opening of tender (EMD in envelop-A & Techno- commercial bid in envelop-B) please refer to the online key dates.

NOTE: -

(1) Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal http://www.mptenders.gov.in.
(2) Bidder Have to upload all documents online only.(No physical document required)
(3) Bidder have to upload Vehicle Registration Certificate, No offer will be accepted without valid Vehicle Registration Certificate and disqualify to open financial bid.
(4) The corrigendum or addendum to the bidding documents, if any, as well as any change in due date(s) of opening of tender will be published on the website https://www.mptenders.gov.in & also Company's website http://www.mpez.co.in but will not be published in newspaper. Hence participant bidders are advised to regularly visit the websites until the bid opening. The Company shall not be responsible in any way for any ignorance of the bidders about the corrigendum or addendum or change in the due date(s).

**-Sd-**
**SUPERINTENDING ENGINEER (O&M)**
**MPPKVVCL, PANNA**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग सागर (म.प्र.)**

निविदा सूचना 01/सेतु/सागर/2024-25 सागर दिनांक 26.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई. डी | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (ई-ई.एम.डी.) | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | टेन्डर डाक्यूमेंट के अनुसार दस्तावेज जमा करने हेतु (ई-ई.एम.डी. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2024_PWDRB_ 353682_1 | सागर | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग सागर अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रू. 16.94 लाख | रू. 33,880.00 | रू. 2,000.00 | 31.03.2025 तक | केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार | केवल ऑनलाईन जमा की जावेगी। |
| 2 | 2024_PWDRB_ 353703_1 | दमोह/ पन्ना | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग दमोह अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रू. 16.94 लाख | रू. 33,880.00 | रू. 2,000.00 | 31.03.2025 तक | -तदैव- | -तदैव- |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की अंतिम दिनांक 12.07.2024 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**जी-12743/24**

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, सागर ( म.प्र. )**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग**
**रेस्ट हाउस कैम्पस, बड़ौदा बैंक के सामने पन्ना (म.प्र.)**

ई-मेल dpepiupanna@gmail.com फोन नं. 07732-250994

एनआईटी नं.10/2024 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पीडब्ल्यूडी/भवन/1512 रीवा दिनांक 27.06.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रुपये लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2024_ PWPIU_ 353998_1 | शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के विज्ञान भवन में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य मय वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | पन्ना | 234.98 | 234980.00 | 15000.00 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | भूमि प्राप्त |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 27.06.2024 समय 9.00 AM से दिनांक 16.07.2024 समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**जी-12713/24**

**कार्यपालन यंत्री ( भवन )**
**लोक निर्माण विभाग पन्ना ( म.प्र. )**

### बरसात के मौसम में राहगीरों की बढ़ी परेशानियां, प्रशासन उदासीन

# लोगों के लिए सिरदर्द बनी बजबजाती नालियां, बदबूदार पानी और कचरे के ढेर





**टीकमगढ़, देशबनधु।** बजबजाती नालियां, बदबूदार पानी और कचरों के ढेर जहां लगे हों, वहां के निवासियों की परेशानियों का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। मच्छरों का आतंक और बीमारियों का प्रकोप होने से लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। अफसरशाही इस कदर से बढ़ गई है कि जनप्रतिनिधियों एवं निर्वाचित अध्यक्षों की भी नहीं सुनी जा रही है। पार्टियों एवं नेताओं के बीच चल रही टसन का खामियाजा यहां की वह जनता भोग रही है, जिसने समय-समय पर दोनों ही पार्टियों को अपना वोट दिया है। लोगों ने नगर की बुनियादी समस्याओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों एवं संबन्धित मंत्रियों का ध्यान अपेक्षित किया है। गौर करने लायक बात तो यह है कि शहर की आधी आबादी ऐसी पानी की टंकी का पानी पीने को मजबूर है, जिसकी सफाई ही नहीं हो रही है। बिना सीढ़ियों वाली यह टंकी लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। गंदगी और दूषित पेयजल के कारण यहां लोगों में कई प्रकार की बीमारियां फैलने लगी हैं। इस संबन्ध में बताया गया है कि जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कक्ष के बगल में बड़ी मात्रा में हॉस्पिटल का कचरा डंप किया जा रहा है। कचरे की गंदी बदबू से आसपास के लोग परेशान हैं। लोगों ने मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की थी। इसके बाद टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर ने सफाई करने के निर्देश दिए। मंगलवार को तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से आधा दर्जन ट्राली से ज्यादा कचरा साफ कराया है। दरअसलए जिला अस्पताल के वार्डों से निकलने वाले कचरे को पीएम कक्ष के बगल में टीन शेड लगाकर डंप किया जा रहा है। बारिश का पानी भर जाने से कचरा आसपास फैलने लगता है। जिसके कारण पूरे इलाके में दुर्गंध फैल जाती है। जहां कचरा डंप किया जा रहा है, उसके बगल में फ्रें ड्स कॉलोनी है। इसके अलावा स्कूल भी संचालित होती है। गंदगी और बदबू के कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मामले को लेकर कॉलोनी के लोग कई बार कलेक्टर और सिविल सर्जन के पास शिकायत दर्ज कर चुके हैं। इसके बाद भी कचरा डंप करने वाले स्थान में बदलाव नहीं किया जा रहा है। तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि कचरे की समस्या को लेकर कॉलोनी के लोगों ने कलेक्टर के पास शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार को टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर ने मौके का निरीक्षण कर साफ सफाई करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को नगर पालिका अमले के साथ साफ सफाई कराई गई। उन्होंने बताया कि कचरा इतनी अधिक मात्रा में था, कि उसे भरने के लिए जेसीबी मशीन बुलाना पड़ी। जेसीबी मशीन की मदद से करीब आधा दर्जन ट्रॉली कचरा हटाया गया। तहसीलदार ने बताया कि इस मामले में सीएमएचओ और सिविल सर्जन से बात की जाएगी। ताकि कचरे से आसपास के लोगों को परेशानी ना हो। इसके अलावा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से कचरा उठाने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों का कहना है कि जब आला अधिकारियों के पहुंचने पर ही कार्रवाई की जाना है, तो एक बार वह यहां की पानी की टंकी, शहर के मुख्य मार्ग एवं गहरे नालों का भी निरीक्षण कर लें, जिससे शहर के लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके।

## अवैध कब्जा हटाने चलाई मुहिम

जिला प्रशासन ने गोचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मुहिम तेज कर दी है। मंगलवार को जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत मानिकपुरा में करीब 40 एकड़ गोचर और शासकीय भूमि से लोगों का अवैध कब्जा हटाया गया। तीन दिन पहले ग्राम पंचायत मऊघाट में गोचर भूमि को खाली कराया गया था। तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि लोगों ने गोचर भूमि पर अवैध तरीके से फसलों की बोवनी शुरू कर दी थी। जेसीबी मशीन से खेतों की बाड़ हटाकर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। तहसीलदार ने बताया कि ग्राम पंचायत मानिकपुरा के सरपंच ने गोचर भूमि पर अवैध कब्जा होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना ने भी ग्राम पंचायतों की गोचर भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने के संबंध में कलेक्टर को पत्र सौंपा था। शिकायत के चलते एक दिन पहले ग्राम पंचायत मानिकपुरा में गोचर और शासकीय भूमि का निरीक्षण कर लोगों का अवैध कब्जा चिह्नित किया गया था। मंगलवार को आरआई, पटवारी और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर जेसीबी मशीन से करीब 40 एकड़ जमीन से अवैध कब्जा हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि गोचर भूमि पर करीब एक दर्जन लोगों ने बाड़ लगाकर फसलों की बोवनी शुरू कर दी थी। जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाकर संबंधित लोगों को दोबारा अवैध कब्जा नहीं करने की हिदायत दी गई है।

## जमीन संरक्षित करने के लिए निर्देश

तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि पंचायत सरपंच और सचिव को गोचर भूमि को संरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सड़क पर घूम रहे निराश्रित और बीमार गोवंश को गोचर भूमि में व्यवस्थित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ताकि बारिश के मौसम में गोवंश सड़क पर न बैठे। गौचर भूमि के साथ ही शहर सहित आसपास के इलाकों में सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे को हटाने के लिए भी मुहिम चलाने पर लोगों ने इस दौरान जोर दिया है, जिससे शहर का आवागमन सुधर सके।

### दूषित पानी की शिकायत को लेकर पहुंचे वार्डवासी

# यह कैसा न्याय नपा का, पानी देते 10 दिन, पैसा पूरे महीने का





**टीकमगढ़, देशबन्धु।।** बारिश का मौसम शुरू होते ही नगर पालिका के नलों से गंदा और बदबूदार पानी आने लगा है। मंगलवार को ज्यादातर वार्डों में नलों से गंदा पानी निकला। वार्ड नंबर एक पुरानी टेहरी में नल के पानी के साथ कीड़े मकोड़े भी निकले। लोगों ने मामले की शिकायत नगर पालिका के अधिकारियों से की है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बाद भी पानी की शुद्धता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां बता दें कि यहां बड़े पुल के पास बनी टंकी में जीना क्षतिग्रस्त होने से विगत दो साल से टंकी की सफाई नहीं हुई है। गंदी टंकी से पुरानी टेहरी सहित आसपास के इलाकों के लोगों का पानी दिया जा रहा है। बताया गया है कि शहर के 27 वार्डों में पानी की सप्लाई के लिए 6 अलग-अलग स्थानों पर टंकियां बनाई गई हैं। पिछले करीब 15 सालों से शहर में एक दिन के अंतराल से पानी की सप्लाई हो रही है। जबकि नगर पालिका ने पानी का मासिक शुल्क 100 रुपए से बढ़ाकर 260 रुपए कर दिया है। शहर के ताल दरवाजा निवासी रामबाबू द्विवेदी ने बताया कि महीने में 10 से 15 दिन नलों में पानी आता है, लेकिन शुल्क पूरे महीने का वसूल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नल से लगातार गंदे पानी की सप्लाई हो रही है।

## पुरानी टेहरी के लोगों ने दर्ज कराई शिकायत-

मंगलवार को शहर के पुरानी टेहरी में नलों से गंदा पानी आया। स्थानीय सीताराम यादव, जानकी कुशवाहा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार नलों में गंदा पानी आ रहा है। जिसकी शिकायत वार्ड पार्षद सहित नगर पालिका के अधिकारियों से की है। इसके बाद भी पानी की शुद्धता में कोई सुधार नहीं आया है। लोगों का कहना है कि नलों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। जो पीने में उपयोग करने लायक नहीं है। कहा जा रहा है कि यदि पानी में फिटकरी आदि ठीक से मिलाया जा रहा होता, तो शायद यह समस्या इस तरह न होती। टंकियों की ठीक से सफाई न होने से भी लोगों को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## जल सप्लाई प्रभारी को दिए निर्देश

नलों में गंदा पानी सप्लाई होने के मामले में नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार का कहना है कि लोगों ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। लोगों की शिकायत पर जल शाखा प्रभारी को टंकियों की सफाई करने और बारीघाट स्थित फिल्टर प्लांट में पानी शुद्ध करने के लिए पर्याप्त मात्रा में फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर डालने की हिदायत दी गई है।

### अपहृत नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

# दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा गुम एवं अपहृत बालक, बालिकाओं को दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 342/2024 धारा 363 भादवि की अपहृता परिवर्तित नाम मीना को जिला चित्रकूट से दिनांक 30 जून 2024 को दस्तयाब किया गया। जिसके द्वारा आरोपी वीरेंद्र उर्फ छोटू वर्मा द्वारा शादी का झांसा देकर भगा ले जाने एवं जबरन दुष्कर्म करना बताने पर मामले मे धारा 366, 450, 376(2) (एन), 376भादवि, 3/4, 5 एल /6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। मामले के आरोपी वीरेंद्र उर्फ छोटू पिता जगन्नाथ वर्मा उम्र 20 साल निवासी जिला चित्रकूट को 01 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की जाकर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त अपहृता की दस्तायबी एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद राज, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक उदय राज सिंह, प्रधान आरक्षक महेश, महिला आरक्षक आकांक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ईमानदारी और सेवाभावना से कार्य करने के लिए जाने जाते रहे डीके शर्मा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अपने संपूर्ण कार्यकाल में ईमानदारी एवं सेवाभावना के लिए एसडीओ डीके शर्मा जाने जाते रहे हैं। उनकी कार्य कुशलता और मिलनसार व्यवहार कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय है। अपने कार्य और व्यवहार से उन्होंने आम जनता से लेकर पंच, सरपंच और कर्मचारियों के दिलों में जगह बनाई। श्री शर्मा ने अल्प समय में ही पलेरा निवासियों के बीच अपनी पहचान बनाई है। यह विचार जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा ने यहां आयोजित विदाई समारोह के दौरान कही। यहां बता दें कि श्री वर्मा और श्री शर्मा ने एक साथ टीकमगढ़ जनपद में भी कार्य किया और जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास का एक नया अध्याय लिखा। श्री शर्मा की संपूर्ण शिक्षा टीकमगढ़ में हुई और उन्होंने पालीटेक्निक कालेज उज्जैन से डिप्लोमा किया। इसके साथ ही वह सब इंजीनियर के रूप में विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देते रहे। श्री शर्मा ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी से कार्य किया। इस अवसर पर जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, प्रमोद चतुर्वेदी, बलराम दीक्षित, रामकुमार तिवारी, जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारी, सरपंच, सचिव आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों ने श्री दिनेश शर्मा एसडीओ का सेवा निवृत्त होने पर सम्मान किया और उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं बेहतर भविष्य की कामना की।

**आम जनता से लेकर सरपंच और सचिवों के बीच रहे लोकप्रिय**

### गन्ना और गुढ़ का बेकार मटेरियल ट्रक ने सड़क पर गिराया, हुए हादसे

# गौवंश का हुआ संदेह, पूछताछ कर पुलिस ने ट्रक को छोड़ा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** यहां से बड़ागांव की ओर जाने वाले मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक ट्रक से सड़क पर बदबूदार पदार्थ सड़क पर गिरा। जिसकी फिसलन से कई दो पहिया वाहन सवार गिर कर घायल हो गए। स्थानीय लोगों को ट्रक में गोवंश होने का संदेह हुआ। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना बड़ागांव और कोतवाली थाना पुलिस को दी। पुलिस ने पठा गांव के पास ट्रक को रोक कर ड्राइवर से पूंछतांछ की। बड़ागांव निवासी रतन सिंह ने बताया कि डूंडा गांव के पास आरजे 11 जीबी 1122 नंबर ट्रक से गोबर जैसा बदबूदार पदार्थ गिरकर सड़क पर फैल गया। स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ड्राइवर तेजी के साथ वाहन लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों को ट्रक में गोवंश भरे होने का संदेह हुआ। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। रतन सिंह ने बताया कि इस दौरान सड़क पर फैले पदार्थ से फिसलकर कई बाइक सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना जैसे ही एसडीओपी राहुल कटरे को लगी, तो उन्होंने बड़ागांव और कोतवाली थाना प्रभारी को ट्रक पकड़ने के निर्देश दिए। कोतवाली थाना पुलिस ने पठा गांव के पास ट्रक को पकड़ लिया।

## गन्ने और गुड़ का बेकार मटेरियल निकला

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पूंछतांछ के दौरान ड्राइवर ने बताया कि ट्रक में गन्ने और गुड का बेकार मटेरियल भरा है। जिसे पशु आहार बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। ड्राइवर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर से माल भरकर ट्रक मेरठ ले जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। जांच के बाद पुलिस ने ट्रक छोड़ दिया।

# पेंशनरों की समस्याओं को दूर करने में नहीं छोड़ी जाएगी कमी : द्वारिका प्रसाद

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पेंशनरों की समस्याओं के लिए संगठन का संघर्ष जारी रहेगा। संगठन को मजबूत बनाने और पेंशनरों की समस्याओं को दूर करने में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जाएगी। यह विचार एसोसिऐशन के जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राय ने बैठक के दौरान व्यक्त किये। बताया गया है कि पेंशनर्स वेलफेयर एसोसियेशन जिला शाखा टीकमगढ की मासिक बैठक दिनांक 30 जून 2024 को नजर बाग टीकमगढ़ में आयोजित की गई। जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य गण द्वारका प्रसाद राय जिला अध्यक्ष, योगेंद्र बाबू दुबे सचिव, घनश्याम दास सोनी उपाध्यक्ष, परमेश्वरी दास तिवारी कोषाध्यक्ष, रामस्वरूप लोधी , वरिष्ठ सदस्य तुलसीदास लखेरा, सुखनंदन जैन, हरिराम राय, कामता प्रसाद सोनी आदि उपस्थित रहे। पेंशनर्स की समस्याओं के बारे में विचार किया गया। इसी तरह प्रत्येक माह में अंतिम अंतिम रविवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला शाखा टीकमगढ़ की बैठक होती रहेगी।

# सीसीटीव्ही में कैद हुई रूपए चोरी की वारदात, दो युवकों की तलाश जारी

टीकमगढ़। जिले के नगर परिषद बल्देवगढ़ के मध्यभारत ग्रामीण बैंक से किसान के रुपए चोरी का मामला सामने आया है। बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में रुपए चोरी कर दो युवकों के भागने की घटना कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के देवी नगर गांव निवासी विजय यादव ने बताया कि सोमवार को ग्रामीण बैंक में रुपए जमा करने गए थे। भीड़ अधिक होने के कारण लाइन में खड़े हो गए। इसी दौरान किसी ने थैले में रखे 50 हजार रुपए चोरी कर लिए। उन्होंने तत्काल मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। इस दौरान बैंक के ठीक सामने लगे सीसीटीवी में दो लड़कों को बैंक के अंदर जाते

### युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

# राहुल हिंदू वाले बयान पर सबके सामने माफी मांगे: गिरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय सिंधी धर्मशाला चौराहे के पास भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिलाअध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव की मौजूदगी में युवा मोर्चा नगर मंडल अशोक मैडी राय सहित के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नगर मंडल के नेतृत्व में मंगलवार को राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया है। राहुल गांधी का संसद का हिंदू विरोधी बयान कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है, जहां हिंदुओं का विरोध करते-करते वह भारतीय संस्कृति व सभ्यता का विरोध करने पर खुलेआम उतर आए ह, इसलिए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा उनका पुतला दहन किया गया और युवा मोर्चा उनके बयान की कड़ी निंदा करता है। पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हिंदू विरोधी मानसिकता है, जो उनके बयानों में साफ देखी जा सकती है। उन्हें संसद में दिए बयान हिंदू हिंसक होते हैं, पर सबके बीच माफी मांगे। युवा मोर्चा के साथ पुतला दहन में भाजपा के नेता महामंत्री अश्विनी चढ़ार, आशुतोष भट्ट, नरेश तिवारी, रोहित वैसाखिया, पंकज प्रजापति, अरविंद श्रीवास्तव, अरविंद खटीक, देवेंद्र नापित, प्रवीण नामदेव, श्याम यादव, आदित्य योगी, विनय सेन, अंकित तिवारी, उत्कर्ष श्रीधर, जितेंद्र जैकी यादव, स्वप्निल तिवारी, अशोक मेडी राय, धर्मेंद्र परमार, अर्जुन यादव, संस्कार रजक, मनोहर अहिरवार, हिमांशु तिवारी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छिपरी में विराजेंगे 61 फीट के भगवान शिव, होंगे मनोहारी दर्शन

# सात दिवसीय सदाशिव महोत्सव की मची धूम, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के छिपरी गांव में सात दिवसीय सदाशिव महोत्सव चल रहा है। सोमवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रसिद्ध गायिका तृप्ति शाक्या ने भजनों की प्रस्तुति दी। सोमवार देर रात तक चले समारोह में भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। समारोह में इंडियन आइडल से फेमस हुए फोक गायक सवई भट्ट अपनी प्रस्तुति देंगे। रावतपुरा सरकार भक्त मंडल के सदस्य विकास द्विवेदी ने बताया कि सात दिवसीय सदाशिव महोत्सव में हर दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। वृंदावन धाम के कथा वाचक पंडित सुरेंद्र शास्त्री महाराज कथा सुना रहे है। रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई को आशा वैष्णव और 4 जुलाई को छोटू रावना के भजनों के कार्यक्रम होंगे। इसके बाद समारोह के अंतिम दिन 5 जुलाई को प्रकाश माली के भजनों की प्रस्तुति होगी।

## 5 जुलाई को होगा विशाल भंडारा

सदाशिव महोत्सव के अंतिम दिन 5 जुलाई को विशाल भंडारा होगा। जिसके लिए करीब 5 एकड़ में तैयारी चल रही है। छिपरी में भगवान शिव की करीब 61 फीट ऊंची बुंदेलखंड की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई गई है। 5 जुलाई को मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। साथ ही संत रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार महाराज का जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

# मनमाने निर्णय से पिस रही जनता, जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं

**दमोह देशबन्धु।** कुछ दिन पहले बांसा तारखेडा में तिहरा जघन्य गोलीकांड लोगों के जेहन से अभी गया नहीं है जिसमे यह प्रमाणित हो चुका है कि समय रहते यदि जिले के अधिकारियों ने उचित प्रयास किये होते तो एक ही परिवार के तीन सदस्यों की अर्थी का बोझ परिजनों को नहीं उठाना पडता। स्वयं पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता के दौरान यह कहा था कि विवाद पुराना या जमीनी ना होकर घटना के एक माह पूर्व गाय के बछडे के ऊपर गाडी चढाने से शुरू हुआ था और इसके बाद दोनों पक्षों में आए दिन इस मुद्दे पर विवाद होने से गांव वासियों को किसी भी दिन बडे विवाद की आशंका थी। इसके वाद सवाल उठना लाजमी है कि जब नित दोनों पक्षों मे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी तो पुलिस द्वारा शिकायतें और हत्या की आशंका की उम्मीद बताये जाने के बावजूद मुद्दे को निपटाने की जहमत क्यों नहीं उठाई गयी और अब इस घटना का जिम्मेदार कौन होना चाहिए?

ऐसे ही हालात किसी भी दिन जिले के जिम्मेदार राजस्व अधिकारियों के मनमाने, नियमविरुद्ध और गैर जिम्मेदाराना कार्य से निर्मित हो सकते हैं। दरअसल इसे एक ऐंसे राजस्व मामले से समझा जा सकता है जिसमें नायब तहसीलदार बटियागढ़ द्वारा ग्राम इटवा मंगोला के कुछ किसानों की रजिस्टर्ड वैनामा से खरीदी जमीनें सालों वाद किसी दूसरे के नाम कर दी गयी वह भी बिना किसी भूस्वामी को बताए, उनका पक्ष और अभिमत लिये बिना जबकि नायव तहसीलदार को रजिस्टर्ड वैनामा को खारिज करने का अधिकार ही नहीं है इसके बावजूद मनमाना फैसला लिया गया और रजिस्ट्रियां खारिज कर दी गयीं। पहले तो राजस्व अधिकारियों ने मिलकर, षडयंत्रपूर्वक ग्राम इटवा मंगोला के एक मंदिर देव कौशलाधीश की जमीन पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रबंधक कलेक्टर नाम हटाते हुए फ्रि उसे कुछ अन्य लोगों के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दी गयी। मामला उजागर होने पर अधिकारियों ने दूसरे अन्य किसानों की जमीन उनके राजस्व रिकॉर्ड से अलग करके मंदिर के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दी गयी। हालात तो ये हैं कि नायव तहसीलदार के इस गैर अधिकार प्राप्त मनमाने कार्य की जब उच्च अधिकारियों से शिकायत की गयी और मुख्यमंत्री शिकायत निवारण नंवर पर भी शिकायत की गयी तो उन दसों भूस्वामियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिन्होंने जमीनें रजिस्टर्ड वैनामा से खरीदी हैं वे अब उक्त जमीन विक्रेता से अपनी जमीन मांग रहे हैं और जमीन का दोष विक्रेता पर डाल रहे हैं। स्वयं नायव तहसीलदार के अधिनस्थ मौजा पटवारी का भी कहना है कि साहब द्वारा कार्य तो गलत किया गया है लेकिन हम छोटे कर्मचारी बडे अधिकारी की बात और आदेश मानने मजबूर हैं। विभागीय जिला उच्च अधिकारियों द्वारा शिकायत पर कोई कार्रवाई ना किये जाने और दिन वा दिन समय बीतने से नायव तहसीलदार की गलती का खामियाजा भूस्वामियों और उनको जमीन बेचने वाले विक्रेताओं के बीच विवाद के रूप में कभी भी सामने आ सकता है जिसमें फ्रि वही आम आदमी पिसेगा जिसका कोई कुसूर नहीं है जबकि गैरकानूनी कार्य करने वाले नायव तहसीलदार बच निकलेंगे।

खेल मैदान में शुरू हो रही खेती-बाड़ी सरपंच सचिव नहीं देते ध्यान

# ग्राम पंचायत बैलवाड़ा में मैदान बनाने के नाम पर हुआ भ्रष्टाचार



**दमोह देशबन्धु।** शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेत प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाए गए हैं इसके लिए शासन द्वारा हर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की राशि जारी होती है लेकिन इसके बाद भी ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदान तो बनाए जाते हैं लेकिन इन खेल मैदानों में ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव व अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण और निर्माण कार्य में जमकर गड़बड़ी की जाती है जिसके कारण ग्राम पंचायत के गांव के बच्चे खेल नहीं पाते हैं।

ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बैलवाड़ा से सामने आया है जहां ग्राम पंचायत बैलवाड़ा में सरपंच, सचिव द्वारा विकास कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और लोगों द्वारा इसकी कई बार शिकायतें भी ग्रामीणों द्वारा की गई लेकिन अधिकारियों के चलते इस और कोई कार्रवाई नहीं की गई आरोप है कि ग्राम पंचायत बैलवाड़ा में 2017-18 में कराया गया खेल मैदान निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया है जिसके चलते लोगों को योजनाओं का आज तक लाभ नहीं मिल सका है ग्राम पंचायत के लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत बैलवाड़ा में सरपंच, सचिव द्वारा बनाए गए खेल मैदान में आज तक बच्चों को खेलने का मौका नहीं मिला है खेल मैदान को अधिकारियों की मिलीभगत से कागजों पर पूर्ण बताकर लाखों रुपए की राशि को सरपंच, सचिव के साथ जिम्मेदार अधिकारियों ने बंदरवाट कर ली और इसके चलते खेल मैदान का सपना लिये बच्चों को खेलने के लिए खेतों में खाली पड़े प्लाटों व सड़कों पर खेलना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा कहे जाने वाले खेल मैदान बदतर स्थिति में है और यहां तो मैदान के नाम पर समतल करने का भी ख्याल नहीं रखा गया और उबड़खाबड़ मैदान में कोई बाऊंड्रीवाल भी नहीं है।

## कब्जा कर होने लगी खेती बाड़ी सरपंच, सचिव द्वारा नहीं दिया ध्यान

ग्राम पंचायत बैलवाड़ा में वर्ष 2016-17 में लाखों रुपए खर्च ग्राम पंचायत द्वारा मानपुर और बैलवाड़ा के बीच एक खेल मैदान का निर्माण कार्य कराया गया था लेकिन बीत इन 8 सालों में एक बार भी इस मैदान में बच्चों को खेलने का मौका नहीं मिला है क्योंकि खेल मैदान के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की गई है खेल मैदान में ना ही धरातल पर समतल किया गया है और ना ही कोई व्यवस्था है चारों ओर गंदगी का आलम लगा हुआ था लेकिन अब गांव के ही कुछ दबंग लोगों द्वारा खेल मैदान में कब्जा कर खेती बाड़ी करना शुरू कर दिया है।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया आंगनबाड़ियों का औचक निरीक्षण

**दमोह देशबन्धु।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जे.एस. वर्मा द्वारा ऑगनवाड़ी केन्द्रों के औचक निरीक्षण किये गये। जिला कार्यक्रम अधिकारी वर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कल्याणपुरा-309 का सुबह 10 बजे भ्रमण किया गया, इस दौरान केन्द्र पर 10 बच्चे उपस्थित रहे, समूह द्वारा नाश्ता नहीं दिया दिया जा रहा है, इसके पश्चात शारीरिक माप का सत्यापन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा किये गए माप मे अन्तर पाया गया। इसके पश्चात ऑगनवाडी केन्द्र रानगिर का भ्रमण किया जहां पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी परंतु सहायिका अनुपस्तिथ पाई गई, यहां केवल 3 बच्चे उपस्थित थे और यहां खाना और नास्ता एक साथ दिया जा रहा था। केन्द्र से टेक होम राशन ठीक से वितरण नही हो रहा है, 04 बैग रखे पाये गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी वर्मा द्वारा 12 बजे ऑगनवाड़ी केन्द्र विजोरी का भ्रमण किया गया जहाँ पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका दोनो उपस्थित थे, परन्तु केन्द्र पर केवल 2 बच्चे उपस्थित थे, दोनों बच्चों के बजन में बहुत अन्तर पाया गया, साथ ही पाया गया कि यहां केंद्र पर समूह नास्ता नही देता है। उपरोक्तानुसार पाई गई अनिमितताओं के लिये आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सेक्टर पर्यवेक्षक एवं समूह को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कारण वताओ नोटिस दिये गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी वर्मा ने बताया इसी कड़ी में समस्त परियोजना अधिकारियों को भी सतत फील्ड में औचक निरीक्षण करने हेतु एवं निरीक्षण के डेली प्रतिवेदन जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह को प्रेषित करने हेतु आदेशित किया जा रहा है।



## सफाई मजदूर संघ ने राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि का जन्मदिन मनाया

**दमोह देशबन्धु।** राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि के जन्मदिन पर भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश संयुक्त महामंत्री प्रभात (चंकी) कछवाहा के द्वारा वृद्धआश्रम में वृद्ध जनों के साथ जन्मदिन मनाया गया एवं फल नाश्ता चाय वितरण किए गया। इस अवसर पर निखलेश चौहान, प्रेम पारोचे, राकेश घेचरे, संजय पारोचे, सुनील करोसिया, विनय करोसिया, कमलेश पारोचे, राजीव नहर सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नपा के 13 कर्मचारियों का विदाई समारोह

**दमोह देशबन्धु।** नगर पालिका दमोह में पदस्थ 13 कर्मचारियों का सेवानिवृत्त विदाई कार्यक्रम अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया। सभी सेवानिवृत कर्मचारियों का शॉल श्रीफल से सम्मान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि आज हमारे बीच से 7 सफाई संरक्षक, 3 भृत्य सहित 13 कर्मचारी आज हमारे बीच से विदा हो रहे है सभी का कार्यकाल बेहद शानदार रहा। सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये। कार्यक्रम के दौरान पूर्व कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रताप रोहित, यशवंत सिंह ठाकुर, लक्ष्मण कसोतिया, अनिल असाटी, सुनील ठाकुर, प्रेम परोचे, अरविंद खरे सहित बड़ी तादाद में सेवानिवृत कर्मचारियों के परिजन निकाय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नपा में हुए भष्ट्राचार की जांच की मांग का आवेदन जनसुनवाई में सौंपा

**दमोह देशबन्धु।** नगर पालिका दमोह में हुए वर्ष 2023-24 स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत किए गए कार्यों की पीडीएफ फ़यल की लिस्ट वायरल हुई थी जिसमे हर एक कार्य डबल वार दिखाया गया है। जो एक लाख से कम कीमत के दिखाई दे रहे है। जो शहर के आमजनता के पास पहुँची है। जिसे देखकर करोड़ो रुपए का भ्रष्टाचार होने की असंका के चलते भाजपा पार्टी के सदस्य आशीष शर्मा ने दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर को विगत 15 मई को आवेदन नगर पालिका के भ्रष्टाचार की जांच के संबंध में दिया था जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने 15 दिन में जांच कमेटी बनाकर और पूरी जांच 15 दिन के अंदर जन सामान्य के बीच दोषियों पर कार्यवाही की बात कही थी लेकिन आज दिनांक तक जांच न होने के चलते मंगलवार को पुन: आवेदन दिया गया जिसका जन शिकायत नम्वर 27813692 है वही आशीष शर्मा ने बताया कि लगभग डेढ़ माह बाद जांच रिपोर्ट से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी आवेदक को प्राप्त नहीं हुई है। आवेदन सौपकर संबंध पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## कलेक्टर ने कन्या शाला का किया औचक निरीक्षण

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय नवीन माध्यमिक कन्या शाला बजरिया वार्ड नं 5 चैनपुरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अध्ययन-अध्यापन के सबंध में शिक्षकों से जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को पढ़ाया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कलेक्टर कोचर ने विद्यार्थियों को प्रश्न देकर ब्लैक बोर्ड पर हल करवाये। शाला में मिल रहे मध्याह्न भोजन चखा। उन्होंने यहां कक्षा 3 में पदस्थ शिक्षिका सीता मुण्डा से चर्चा की और उनका उत्साह वर्धन किया। उनके द्वारा बच्चों को पढ़ाने के तरीके बहुत ही रोचक है।

## 367 शिकायतों के अनिराकृत होने पर जुर्माना

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सी. एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर माह मई 2024 में अनिराकृत पाई गई शिकायतों का निराकरण एल-1, एल-2 अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में न किये जाने एवं वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना किये जाने के फलस्वरूप प्रति शिकायत 100 रूपये के मान से 13 विभागो के 26 अधिकारियों पर 367 शिकायतों के अनिराकृत होने के आरोप में 36 हजार 700 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। उन्होंने कहा है उक्त जुर्माने की राशि 03 दिवस के भीतर लोक सेवा प्रबंधन विभाग दमोह के कार्यालय (कक्ष क्रमांक 72 कलेक्ट्रेट) में जमा कर रेडक्रॉस सोसाइटी की रसीद प्राप्त करें अथवा रेड क्रॉस सोसायटी दमोह के बैंक खाते में जमा कर रसीद इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# जनसुनवाई में आए 3 सौ से अधिक आवेदन



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कमरा नम्बर 10 में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन एवं कमरा नम्बर 17 में आयुष्मान कार्ड से संबंधित समस्याओं के निराकरण सहित अन्य आवेदनों के लिए आयोजित थीम्स बेस्ड जनसुनवाई में समस्याओं को सुना। साथ ही उन्होंने तत्काल कार्यवाही के लिए सम्बन्धितों को दूरभाष पर त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। इस दौरान यहां 02 आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये। इस आयोजित जनुसनवाई मेंएक पेड़ माँ के नाम वाली पावती दी गई। कलेक्टर कोचर की मंशा अधिक से अधिक लोग अपनी माँ की स्मृति में और मॉ के साथ आये और एक पेड़ लगाय। जनसुनवाई में 347 आवेदन आवेदन आये। कलेक्टर कोचर एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने 03 दिव्यांग हितग्राही को व्हीलचेयर एवं 01 हितग्राही को श्रृवण यंत्र वितरित भी किया।

## नोहटा में राहुल का पुतला दहन किया



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जबेरा विधानसभा के नगर नोहटा में नितेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में वायनाड से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने संसद भवन दिल्ली में हिंदूओ हिंसक कहां था जिसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित हिंदू समाज के लोगों ने पुतला दहन किया गया। सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से समस्त हिंदू समाज की भावना आहत हुई है जिससे हिंदू समाज में रोष की भावना व्यक्त है। राहुल गांधी एक उच्च पर होने के नाते भी अनर्गल बातें करते हैं इन्हीं सभी से आहत होकर पुतला दहन किया गया। पुतला दहन में भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोधी, भूपेश गंधर्व, निजाम सिंह लोधी, रामेश्वर पटेल, अभिषेक राय, शिवम सोनी ,रत्नेश लोधी,दिनेश कर्ण, दीपेश नामदेव, भरतू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# भाजयुमो ने किया राहुल का पुतला दहन



**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला दमोह द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह के मार्गदर्शन में और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन के नेतृत्व में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सम्रग हिंदु समाज को हिंसक और अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में राहुल गांधी की शव यात्रा निकाल स्थानीय घंटाघर पर पुतला दहन किया गया। साथ ही जिले के सभी 22 मंडलों में पुतला दहन किया गया जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा पूरे देश में जगह जगह सार्वजनिक मंचों से हिंदुओं के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही है, उसके उल्ट राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को हिंसक कहा गया, राहुल गांधी इस देश के सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रहे हैं, हिंदुओं की भावना भड़काने का कार्य राहुल गांधी द्वारा किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह है कि वह राहुल गांधी को सदन से बहिष्कृत करें। हिंदू देवी देवता के अपमान और हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करने के लिए राहुल गांधी माफी मांगे। पुतला दहन में जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, महामंत्री श्याम विश्वकर्मा, पार्षद यशपाल ठाकुर , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिखा जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजिद रिजवी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन, जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, महेंद्र राठौर, आलोक मुखरैया, जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर रजक, मयंक तोमर, राजुल चौरहा, राकेश लोधी, मण्डल पदाधिकारी सृजन असटी, शिवेंद्र तिवारी, स्वप्निल प्यासी सहित भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपातिथि रही।

## यातायात प्रभारी ने पकड़े रेत से भरे बिना नम्बर के ट्रैक्टर सैतालीस हजार का किया चालान



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिला मुख्यालय में इन दिनो रेत से भरे ट्रैक्टर लगातार धमाचौकडी मचा रहें है। उक्त ट्रैक्टर चालक सकरी कुलियो से भी स्पीड से दौडतें है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है, अनेक चौराहो पर ट्रैक्टर चालक रेत बेचने के लिये मजमा लगाये देखे जा सकते है। उक्त ट्रैक्टरो में नम्बर भी नही डाले गयें है। जिससे दुर्घटना करने के बाद संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही की जाये। लेकिन अनेको बार खनिज विभाग को भी अवगत कराया गया। लेकिन उसके बावजूद कोई कार्यवाही यातायात थाना प्रभारी द्वारा उक्त बिना नम्बरो के नौ ट्रैक्टरो के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए सभी ट्रैक्टरो में नम्बर भी डलवाये गये तथा संबंधितो पर मोटर व्हीकल एक्ट सहित अन्य कमियो के संबंध में कार्यवाही करते हुए 47 हजार 8 सौ रूपये की राशि चालान के रूप में वसूल की गई तथा अवैध रेत के मामले में खनिज विभाग को अवगत कराया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार एवं स्टाप द्वारा की गई।

## बृहस्पति कुंड पर बनेगा मप्र का पहला ग्लास ब्रिज

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में स्थित बृहस्पति कुंड जलप्रपात पर प्रदेश का पहला ग्लास ब्रिज बनने जा रहा है। यह देश का तीसरा ग्लास ब्रिज कहलायेगा। जिला प्रशासन ने यहां पर ग्लास ब्रिज बनाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा था, जिसकी मंजूरी पूर्व में ही हो चुकी थी। अब टेंडर भी जारी हो गया है। ग्लास ब्रिज बनने से पर्यटक करीब से बृहस्पति कुंड को देख सकेंगे, प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पति कुंड जलप्रपात पर बनने वाला भारत का तीसरा ग्लास ब्रिज कांच से बनाया जाएगा। जिसका टेंडर लगभग 3 करोड़ में हो चुका है और इंजीनियरों द्वारा इसका निरीक्षण भी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त जमीन पर लगभग 18 फुट रहेगा और हवा में 11 फुट रहेगा। जिसमें लोगों को जाने के लिए सीमा निर्धारित होगी। करीब एक बार में 8 से 10 लोग ही हवा में निकले हुए हिस्से पर जा सकते हैं।

# महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों एवं भजनों को गाकर किया सीड बॉलों का निर्माण



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपालन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह की नवांकुर संस्था के श्रीकांत नेहरू युवा मंडल दमोह द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरिया साहनी के सहयोग से सीड बॉल निर्माण का कार्य किया गया। जिसमे कार्यक्रम समन्वयक द्वारा उपस्थित महिलाओं को सीड बॉल निर्माण हेतु जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में ग्राम की स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा प्रारंभ में स्थानीय पारंपरिक लोकगीतों एवं भजनों को गाकर सीड बॉलों का निर्माण किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरिया साहनी के अध्यक्ष लाखन सिंह ने कहा कि आज बिगड़ते हुए पर्यावरण संतुलन को रोकना हम सब को बड़ी चुनौती है। इसके लिए कई प्रकार के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण हेतु सीड बॉल का निर्माण करना एक नवाचार है। इस अवसर पर दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाओं में पार्वती राजपूत, सुनीता राजपूत के साथ ग्राम की बालिकाओं श्रद्धा रजक, वंदना विश्वकर्मा, वर्षा रैकवार, रितु राजपूत, भारती विश्वकर्मा, अंजनी विश्वकर्मा, रानी राजपूत आस्था राजपूत के साथ राजकुमार सेन की उपस्थिति रही।

# मुनिश्री योग सागर के संघ सहित नगर आगमन पर हुई मंगल अगवानी



**दमोह देशबन्धु।** निर्यापक मुनि श्री योग सागर महाराज के दमोह नगर आगमन पर समाज के द्वारा की गई मंगल अगवानी मुनि संघ के समन्ना ग्राम से अरिहंत विहार पहुंचने पर संतोष सिंघई एवं उनके परिवार के द्वारा मंगल अगवानी की गई उसके पश्चात मुनि संघ पुराने थाने से घंटाघर होते हुए दिगंबर जैन धर्मशाला पहुंचे। मार्ग में अनेकों स्थान पर श्रद्धालु जनों के द्वारा पद पक्षालन किया गया एवं आरती उतारी गई अनेक स्थान पर तोरण द्वार सजाए गए महिला मंडल अपने सिर पर मंगल कलशो के साथ मंगल अगवानी में सम्मिलित हुई। इस मौके पर दमोह दीक्षा प्राप्त छुल्लक श्री स्वास्तिक सागर जी एवं आगत सागर जी महाराज को प्रवचन देने का अवसर प्रदान किया गया इस मौके पर दमोह के मुनि श्री निर्मोह सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि गुरु की दृष्टि यदि कचरे में पड़े किसी वस्तु पर पड़ जाती है तो वह वस्तु भी मूल्यवान हो जाति है इसी तरह पूज्य गुरुदेव की दृष्टि मुझ पर पड़ी और मैं मूल्यवान मुनि पद को प्राप्त कर सका यह गुरुदेव का ही उपकार है निर्यापक मुनि श्री योग सागर महाराज ने कहा कि दमोह अपने दमदार मोह के लिए जाना जाता है किंतु इसी दमदार मोह से निर्मोही संतों ने गुरुदेव से दीक्षा लेकर दमोह को निर्मोही बना दिया दमोह के भक्तों ने अपनी भक्ति प्रदर्शित करके आचार्य श्री को अनेकों बार दमोह में लाने का सौभाग्य प्राप्त किया मैं भी अनेकों बार दमोह में आ चुका हूं दमोह के भक्तगन ने बड़े बाबा और छोटे बाबा की सेवा का अनेक बार सौभाग्य प्राप्त किया है।

## सार-समाचार

### सेवा निवृत्त पर विदाई एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** संकुल केन्द्र भैंसानाका में विगत दिवस आयोजित कार्यक्रम में एक साथ एक मंच पर 5 शिक्षकों का अभूतपूर्व गौरवमयी कार्यक्रम सरस्वती वंदना एवं पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। सेवानिवृत्त शिक्षको गणेशराम कोरी व्याख्याता राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त, चक्रेश जैन, गौरी शंकर पटैल प्र.अ., रघुवर प्रसाद अहिरवार वृनदावन लडिया को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसी शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम के अध्यक्ष मनीष वर्मा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, विशिष्ट अतिथि अरविंद जैन जिला शिक्षा अधिकारी, विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरीश मिश्रा जिला परियोजना समवयक एवं मनोज नेमा जनसंपर्क अधिकारी सागर द्वारा सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम संकुल केन्द्र प्राचार्य अनीता जैन द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर सेवानिवृत शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन जय, प्रकाश दुबे एवं मोहन अग्रवाल ने किया।

### विधान सभा में प्रश्नकाल में विधायक ने उद्योग मंत्री से पूछा प्रश्न

### सागर में फर्नीचर क्लस्टर का निर्माण कार्य कब तक शुरू होगा

**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने विधानसभा के दूसरे दिन प्रश्न काल में उद्योग मंत्री चैतन्य कश्यप से सागर में फर्नीचर क्लस्टर के निर्माण शुरू करने को लेकर पूछा की शहर के टिंबर उद्योग लकड़ी के टाल को शहर से बाहर विस्थापित करने के साथ ही फर्नीचर क्लस्टर का प्रावधान किया गया है, इस प्रोजेक्ट में और क्या-क्या प्रावधान किये गये हैं और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है, क्या इसके लिये भूमि का आवंटन किया जा चुका है और टेंडर भी हो चुका है तथा 70 से अधिक निवेश इकाइयां प्रोजेक्ट लगाने के लिये तैयार हैं परंतु प्रोजेक्ट नक्शे की स्वीकृति नहीं हो पाने के कारण विस्थापन की प्रक्रिया लंबित है नक्शा स्वीकृत कर इस प्रोजेक्ट को कब तक शुरू किया जायेगा। प्रश्न के उत्तर में विभागीय मंत्री चैतन्य कश्यप ने बताया कि सागर के सिदगुवां में विभाग के आधिपत्य की भूमि पर फर्नीचर क्लस्टर बनाए जाने का निर्णय लिया गया है इसके लिए टेंडर होकर डेवलपर का चयन किया जा चुका है और उसके साथ अनुबंध कर लिया गया है इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक सुव्यवस्थित फर्नीचर क्लस्टर का निर्माण किया जायेगा और नक्शा पास कराने के लिए सभी ओपचारिकताये पूर्ण कर ली गई है जल्द ही क्लस्टर का निर्माण शुरू कर दिया जायेगा।

### निजी भूमि पर वृक्षारोपण करने हेतु नगर निगम उपलब्ध करायेगा पौधे

# अपने पूर्वजों की स्मृति में एवं बच्चों के जन्मदिन पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें: निगमायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** शहर में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने के लिए शासकीय प्रयासों के अलावा हर नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने आगे आकर अपने-अपने पूर्वजों की स्मृति में, बच्चों के जन्मदिन अथवा खुशी के मौके को यादगार बनाने के लिए एक पौधा अवश्य लगाकर उसके बड़े होने तक देखभाल करें, इसके अलावा नगर निगम के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी वृक्षारोपण कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल की जिम्मेवारी लें तो लगाये गये पौधे बड़े होकर पर्यावरण के लिए लाभकारी होंगे। यह बात निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने महलवार देवी मंदिर के सामने स्थित मैदान में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमन चौरसिया और स्थानीय नागरिकों के साथ सप्तकणी के पौधे का रोपण करते हुए कही। परिसर में किये गये वृक्षारोपण के दौरान सप्तकणी के साथ-साथ गुलमोहर के पौधो का रोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि अगर नागरिक अपनी निजी भूमि पर वृक्षारोपण कराना चाहते हैं तो उन्हें पौधों की व्यवस्था नगर निगम द्वारा कर दी जाएगी। इसी प्रकार नगर में स्थित सरकारी कार्यालय परिसर के आसपास खाली पड़ी भूमि, स्कूल परिसरों के आसपास खाली पड़ी भूमि के साथ निजी भूमि जिस पर उनके भूमि स्वामी वृक्षारोपण करना चाहते हैं ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वृहद वृक्षारोपण किया जायेगा, ताकि हमारा शहर हरा भरा बन सके और गर्मी में यही पौधे बड़े होकर हमें शीतल छाया प्रदान कर सकें।

### चंद्रशेखर वार्ड में जल भराव के स्थाई समाधान करने निगमायुक्त ने किया निरीक्षण



निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार को प्रात: चंद्रशेखर वार्ड पार्षद मेघा दुबे के साथ लक्ष्मी अगरबत्ती फैक्ट्री के पीछे स्थित पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण निचले क्षेत्र में होने वाले जल भराव स्थल का निरीक्षण किया और बारिश के दौरान होने वाले जल भराव के संबंध में वार्ड पार्षद और नगर निगम के इंजीनियर के साथ ही स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर उनसे सुझाव लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लक्ष्मी अगरबत्ती फैक्ट्री के पीछे चंद्रशेखर वार्ड में एक ओर पहाड़ी क्षेत्र है जिसके कारण ऊपर से बहकर आने वाला पानी निचले क्षेत्र में भरने और उसके निकास की उचित व्यवस्था न होने के कारण जल भराव होता है, इस समस्या का समाधान करने निगमायुक्त ने इस क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया और यहां एकत्रित होने वाले पानी को बाहर निकालने के स्थाई समाधान के संबंध में चर्चा की और संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिये कि इस क्षेत्र का ड्रोन सर्वे कराया जाये क्योंकि यहां एकत्रित पानी को बाहर निकालने हेतु नाला निर्माण कराना आवश्यक है। इसके अलावा पहाड़ की ओर से गिरने वाले पानी का ढाल बनाया जाये और जिस प्रकार तालाब टेपिंग के दौरान चेंबर बनाये गये हैं उसी प्रकार यहां भी चेंबर बनाये जाना तथा ढाल देकर नाला का निर्माण कराना आवश्यक है।

## कलेक्टर ऑफिस में महिला ने खुद पर केरोसिन डाला

### बेटे ने छीनी बोतल, बोलीं बीजेपी पार्षद जमीन पर कब्जा करवा रहे



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर ऑफिस के गेट पर मंगलवार दोपहर महिला ने केरोसिन डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। बेटे और पुलिसकर्मी ने महिला से बोतल छीनी। महिला जमीन से जुड़ी शिकायत लेकर पहुंची थीं। उनका आरोप है कि बीजेपी पार्षद उनकी जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं। पुष्पा रैकवार बांदरी थाना क्षेत्र के पिठोरिया गांव की रहने वाली हैं। वे दोपहर 1.30 बजे बेटे रानेश रैकवार के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंची। कार्यालय में कोई अधिकारी नहीं मिला। पुष्पा ने आवक जावक शिकायती आवेदन दे दिया। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट पर आकर बैठ गईं। उन्होंने कहा कि वे अधिकारियों से मिलकर ही अपनी समस्या बतायेगी। 1 घंटे बैठे रहने के बाद उन्होंने अपने बैग से केरोसिन की बोतल निकाली और खुद पर उड़ेलना शुरू कर दिया। इसके बाद तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और महिला की समस्या को सुना। पुष्पा ने बताया कि गांव में उनकी 8 एकड़ जमीन है। इस पर जितेंद्र रैकवार, लोकेंद्र सिंह राजपूत और सीता रैकवार कब्जा कर रहे हैं। सभी उनके ही गांव पिठोरिया के ही रहने वाले हैं। 16 जून की रात हमारी जमीन बखर ली, उन्हें रोकने पहुंचे तो गुंडे बुलाकर धमकाया। बांदरी थाने में शिकायत की। एनसीआर असंज्ञेय अपराध दर्ज की गई। कलेक्टर और एसपी कार्यालय में पहले भी आवेदन दे चुके हैं। कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। भाजपा नेता लोकेंद्र सिंह राजपूत 6 नंबर वार्ड से पार्षद हैं। वही जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं। पुष्पा के बेटे रानेश रैकवार ने बताया कि गांव में हमारी खानादानी जमीन है, जो नाना छोटेलाल रैकवार से हमें मिली है। पिता सुखलाल और भाई मनोहर इस पर खेती करते आ रहे हैं। पार्षद लोकेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि पिठोरिया में महिला के परिवार में जमीनी विवाद चल रहा है। गांव वालों के साथ नपती के दिन खेत पर गया था। उन लोगों से कभी भी आमने सामने बात नहीं हुई। महिला द्वारा लगाये गये सभी आरोप निराधार हैं।

### बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाई

**सागर, देशबन्धु।** एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई के प्रथम मंगलवार से सागर जिले के सभी स्कूलों में आयरन की गोलियां वितरण होना प्रारंभ हो गई हैं। एनीमिया मुक्त भारत क्षेत्रीय समुदाय के द्वारा गांव बरखेड़ी में स्कूल और आंगनवाड़ी में मॉनिटरिंग की गई इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी बच्चों को आयरन पिलाई गई एवं स्कूल बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाई गई एवं जन जागरूकता हेतु बच्चों एवं अध्यापकों से एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। क्षेत्रीय समन्वयक हुसैन खान के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** वर्तमान में से स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार भारत में 30 लाख यूनिट रक्त की कमी है। यदि सिर्फ दो प्रतिशत लोग रक्तदान करें तो इस समस्या का समाधान हो सकता है। भारत में हर साल 12 मिलियन यूनिट रक्त की आवश्यकता की तुलना में लगभग 9 मिलियन यूनिट ही रक्त दान किया जा रहा है। मंगलवार को रोटरी के नये सत्र 24-25 के प्रथम दिन सागर में रोटरी के पांचो क्लब सागर सेंट्रल, सागर मेन, सागर फीनिक्स, सागर सुकून, सागर ग्रैंड के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 27 यूनिट रक्त दान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनु जैन ने सभी को रक्तदान में महत्व के बारे में बताया। सभी क्लबो के अध्यक्ष सचिव एवं क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। रोटरी क्लब सागर सेंट्रल के अध्यक्ष रो. शरद कांत सोनी ने रक्त दान के महत्व को बताया, आभार रो. नमन समैया ने प्रकट किया।

## डॉक्टर्स-डे एवं एवं सीए-डे सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब सागर सेंट्रल द्वारा डाक्टर्स-डे सम्मान समारोह एवं सीए-डे सम्मान समारोह का आयोजन हेल्थ सेंटर डॉ. हरीसिंह गौर विवि में किया गया। जिसमें हेल्थ सेंटर के मेडिकल आफिसर डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. किरण माहेश्वरी, डॉ. भूपेंद्र पटेल, रो. डॉ. आजाद जैन, रो. डॉ. स्वप्निल सिंघई, डॉ. आकृति जैन, डॉ. प्रियंका बड़जात्या, डॉ. मधुर जैन, डॉ. समीर जैन का स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर व रो. सीए जयेश पटैल को सीए दिवस पर स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन शरद कांत सोनी ने डाक्टर्स-डे का महत्व बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्लब सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन रो. दीप्ति चंदेरिया ने किया आभार सुभाष कंडया ने व्यक्त किया।

## नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 विषय पर जागरुकता अभियान चलाया



**सागर, देशबन्धु।** मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी सागर द्वारा नवीन आपराधिक अधिनियम भारतीय न्याय संहिता बीएनएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए विषय पर जागरुकता अभियान चलाया गया जिसके तार्तम्य में मेन बस स्टैण्ड के पास स्थित शासकीय स्वशासी स्नात्कोत्तर महिला महाविधालय सागर में विद्यार्थियों में कानूनो में हुए संसोधन संबंधी जागरुकता का प्रचार किया गया। उक्त जागरुकता अभियान में दिनेश कौशल, उप निदेशक जेएनपीए सागर, हिमांशु चौबे, उप पुलिस अधीक्षक जेएनपी, डॉ. आनन्द तिवारी, प्रिंसीपल शासकीय स्वशासी स्नात्कोत्तर महिला महाविधालय, रश्मि मिश्रा, कार्यक्रम समन्वयक, विनय मिश्रा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, कपिल साहू एडीपीओ, कपिल व्यास, एडीपीओ, उत्तमसिंह सिरसो, आस्था जैन, रामनाथ यादव जेएनपीए उपस्थित रहे।

### भार्गव भृगु ब्राह्मण समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन, मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान 28 को



**सागर, देशबन्धु।** श्री भार्गव भृगु ब्राह्मण समाज द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन, मेधावी छात्र छात्रा सम्मान एवं प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन 28 जुलाई को सागर के एमएस गार्डन तिलकगंज में किया जायेगा। सजातीय बंधुओ की बैठक में भार्गव भृगु ब्राह्मण समाज सागर संभाग एवं जिला इकाई की बैठक में अनेक निर्णय लिये गये, जिसमे अनेक समितियों के गठन भी किया। सर्व सम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष राजकिशोर पुरोहित को बनाया गया। जिसका प्रस्ताव संभागीय अध्यक्ष बीएल दीक्षित ने रखा एवं अनुमोदन सागर जिला अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने किया। बैठक में सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना निवाड़ी एवं दमोह से प्रतिनिधि शामिल हुए जिनमें पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, महेश दत्त भार्गव, महेश चौबे, अवधेश दीक्षित शास्त्री, आदर्श ज्योतिषी, दीपक दुबे, दिनेश नारायण भार्गव, शैलेश पाठक, भूपेंद्र अग्निहोत्री आदि शामिल हुए।

## स्कूल वाहनों की चैकिंग कर 13 वाहनों से 22,000 रुपये जुर्माना वसूला




**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि स्कूली बच्चों की बसों में उनके सुरक्षित आवागमन हेतु मंगलवार को शहरी क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों की चैकिंग संबंधी कार्यवाही प्रवर्तन अमले के साथ की गयी। चैकिंग के दौरान लगभग 33 स्कूल वाहनों को चैक किया। जिनमें परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी सर्टिफिकेट, आपातकालीन द्वार, सीसीटीव्ही, कैमरा, व्हीएलटीडी, पैनिक बटन स्पीड गवर्नर डिवाईस, महिला अटेण्डर, चालक गणवेश, स्कूल बस पर स्कूल का नाम अंकित न होना आदि बिन्दुओं की जांच की गई। जांच के दौरान 13 स्कूल वाहन में कमियां पाये जाने पर उन वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 22,000 रुपये मोटरयान अधिनियम 1988 एवं शैक्षणिक वाहनों के नियंत्रण व विनियमन योजना 2019 के तहत शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही स्कूल प्रबंधन से अनुरोध है कि वह अपने स्कूल में छात्र-छात्राओं को लाने व ले जाने वाली समस्त स्कूल वाहनों का ब्यौरा रखे कि कौन सा बच्चा किस वाहन से स्कूल आ रहा है, अथवा स्कूल से जा रहा है। स्कूल प्रबंधन स्कूल लाने ले जाने वाले समस्त वाहनों के आवश्यक दस्तावेज की एक प्रति स्कूल में आवश्यक रूप से रखे। स्कूल प्रबंधन यह भी सुनिश्चित करे कि प्रत्येक वाहन में निर्धारित संख्या में बच्चों का परिवहन किया जाये एवं छात्रों को स्कूल परिसर के किसी सुरक्षित स्थान पर ही सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में उतरा व चढ़ाया जाये। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त स्कूल बस संचालकों को हिदायत दी गयी कि वे स्कूल बसों का संचालन उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत समस्त बिन्दुओं का पालन करे। यदि चैकिंग के दौरान उक्त कमियों के वाहन संचालित होते हुए पाये गये तो नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### बेकलेन की सफाई रखने हेतु नागरिकों को किया जागरूक

**सागर, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत शहरी स्वच्छता को संवहनीय बनाये रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों के परिपेक्ष्य में नागरिक सहभागिता से विशेष सफाई अभियानों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार बैकलेंस ब्यूटीफिकेशन कैंपेन का आयोजन किया गया जिसमें शहर के आवासीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र में स्थित बैकलेन को चिन्हित कर उनकी सफाई, रखरखाव के संबंध में नागरिकों को जागरूक करते हुए बेकलेन की सफाई कराकर वहां पर कीटनाशक पाउडर का छिड़काव कराया गया।

## विद्यार्थियों के लिए हेल्प सेंटर सक्रिय ताकि तकनीकी समस्या का समाधान हो




**सागर, देशबन्धु।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे के मार्गदर्शन में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा हैं, महाविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले स्कूलों में सीएम राइज, उत्कृष्ट, एमएलबी, डीएनसीबी हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्य शिक्षकों एवं विधार्थियों से टीम द्वारा सम्पर्क किया तथा विद्यार्थियों को ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, केन्द्रीय योजनाओं, अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़ा वर्ग विभाग आदि द्वारा संचालित प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजनाओं एवं इस महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा कॅरियर के अवसरों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई, टीम द्वारा समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों शिक्षकों से विद्यालय के व्हाट्सएप समूह, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से विद्यार्थी को महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं कॅरियर अवसरों, छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी प्रेषित करने का अनुरोध किया, टीम द्वारा जानकारी दी गई, विद्यार्थी सम्पूर्ण प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक यूजी के प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर पीजी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं, वर्तमान में सीएलसी चरण चल रहा हैं, जिसमें स्नातक यूजी के प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि क्रमश: 07 एवं 08 जुलाई हैं सभी पात्र और इच्छुक उम्मीदवार ई.प्रवेश एमपी ऑनलाइन आधिकारिक पोर्टल पर सभी एमपी अधिसूचित सरकारी विश्वविद्यालय कॉलेजों आदि में पंजीकरण कर, यूजी और पीजी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन, सरल एवं पारदर्शी हैं, पोर्टल पर समय सरणी, नियमावली एवं सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हैं, विद्यार्थियों की सहायता के लिए प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में हेल्प सेंटर बनाये गये हैं, जहां वह अपनी तकनीकी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।